दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-80 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 03 मई 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# फाल्टा के सभी 285 मतदान केंद्रों पर 21 मई को फिर से कराया जाएगा मतदान, 24 को आएंगे नतीजे





कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 मतदान केंद्रों पर 21 मई को फिर से मतदान कराया जाएगा, जिसके नतीजे 24 मई को आएंगे. चुनाव आयोग ने प्रदेश की 144-फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में 29 अप्रैल को बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर वोटिंग के दौरान हुई गंभीर चुनावी गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन के मद्देनजर ये फैसला लिया है.

**चुनाव आयोग के निर्देश :**

फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 मतदान केंद्रों पर नए सिरे से मतदान कराए जाएंगे.

सभी मतदान केंद्रों पर 21 मई 2026 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक नए सिरे से मतदान होगा.

फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती 24 मई 2026 को होगी.

पश्चिम बंगाल में 4 मई को 293 सीटों पर मतगणना होगी.

वहीं फाल्टा के हासिमनगर में कथित धमकी और डराने-धमकाने के मामले में पंचायत प्रधान इसराफिल चौकीदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. इस मामले में अब तक तीन टीएमसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है.पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के दफ्तर के सूत्रों ने बताया कि आयोग ने डायमंड हार्बर जिला पुलिस को चेतावनी दी है कि अगर वे उसके निर्देशों का पालन करने में नाकाम रहते हैं और एफआईआर दर्ज करके गांव वालों को धमकाने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं करते हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. दक्षिण 24 परगना जिले की सभी विधानसभा सीटों पर, जिनमें फाल्टा भी शामिल है, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले गए थे. हालांकि ईसीआई द्वारा नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने शुक्रवार को फाल्टा के 30 मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने की सिफारिश की थी, लेकिन आयोग ने सभी केंद्रों पर फिर से वोटिंग का फैसला लिया है.

## बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए वीजा सेवाएं बहाल कीं?

### -भारत भी चरणबद्ध तरीके से शुरू करेगा वीजा सेवाएं

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत और बांग्लादेश के संबंधों में कई महीनों के तनाव के बाद अब नरमी आ रही है। बांग्लादेश ने सभी श्रेणियों में भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को पूरी तरह से शुरू कर दिया है। भारत में बांग्लादेश के सभी वीजा केंद्र काम कर रहे हैं। दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग और कोलकाता, अगरतला, मुंबई और चेन्नई में कॉन्सुलर कार्यालयों ने 20 फरवरी के बाद से भारतीयों को 13,000 से ज्यादा वीजा जारी किए हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अगले कुछ हफ्तों में धीरे-धीरे वीजा सेवाओं को फिर से शुरू बहाली करने का लक्ष्य बना रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में अधिकारियों का कहना है कि 2025 के आखिर में सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं सामने आने के बाद भी सेवाएं कभी पूरी तरह से बंद नहीं की गई थीं, लेकिन काफी पाबंदियां लगाई गई थीं।

# जन सहभागिता से जल संरक्षण में मध्यप्रदेश देश में अव्वल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### गंगा दशहरा पर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई में योगदान दें प्रदेशवासी

### जल संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की सबसे मजबूत नींव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पानी को सहेजने के कार्य में जन-जन को जोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश में जनभागीदारी आधारित जल संचय अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि केवल एक रैंक नहीं बल्कि प्रदेशवासियों की जागरूकता, सहभागिता और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जल संरक्षण और प्रकृति अनुरूप रहन-सहन की व्यवस्था भारतीय जीवनशैली और परम्पराओं में सदियों से रची-बसी है। हमारे यहां नदी-तालाब-कुंओं की साफ-सफाई को पुण्य कार्य माना गया है। इन गतिविधियों के धार्मिक महत्व को देखते हुए गंगा दशहरा 25 मई को जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई और पौधरोपण के लिए श्रमदान तथा अन्य गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इन गतिविधियों का पुण्य प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक नागरिक गंगा दशहरा पर अपने आस-पास के जल स्त्रोतों और जल संरचनाओं की साफ-सफाई तथा रखरखाव के कार्य से जुड़ें। जनसामान्य की यह पहल मध्यप्रदेश को जल संरक्षण में एक आदर्श व अनुकरणीय राज्य के रूप में देश में प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार यह विचार कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संचय भागीदारी अभियान में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 5 लाख 64 हजार 119 कार्य पूर्ण हुए हैं। जिला स्तर पर डिण्डौरी और खण्डवा जिले देश में क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे हैं।

## 165 काउंटिंग ऑब्जर्वर व 77 पुलिस पर्यवेक्षकों के कंधों पर मतगणना की जिम्मेदारी

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले निर्वाचन आयोग ने व्यवस्था को और सख्त करते हुए अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने कुल 242 पर्यवेक्षकों को तैनात किया है, जिनमें 165 अतिरिक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर और 77 पुलिस पर्यवेक्षक शामिल हैं। दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, अतिरिक्त काउंटिंग ऑब्जर्वरों को उन विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। इनका काम पहले से नियुक्त पर्यवेक्षकों की सहायता करना और मतगणना प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित कराना होगा। इसके अलावा प्रत्येक मतगणना केंद्र के लिए एक-एक पुलिस पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। इनका दायित्व मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की निगरानी करना होगा।

## पुणे नाबालिग रेप केस में दोषी के लिए फांसी की मांग करेगी सरकार, सीएम फडणवीस का बड़ा बयान

मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार पुणे में एक मासूम बच्ची के साथ यौन शोषण और उसकी हत्या करने वाले 65 वर्षीय आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग करेगी. मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में की जाएगी.मुख्यमंत्री ने कहा, पुणे में हुई यह घटना बेहद निंदनीय और दुखद है. एक मासूम बच्ची के साथ हुई इस क्रूरता के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस घटना को लेकर जनता में काफी रोष है. मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में होगी. अदालत में आरोपी के लिए कड़ी से कड़ी सजा यानी मृत्युदंड की मांग की जाएगी.उन्होंने विपक्षी दलों से इस घटना पर राजनीति न करने का आग्रह करते हुए कहा, यह संवेदनहीनता है. ऐसी घटना पर राजनीति करने से बुरा कुछ नहीं हो सकता.पुणे जिले के एक गांव में एक 65 वर्षीय व्यक्ति द्वारा चार साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और उसकी हत्या की घटना सामने आई है, जिससे पूरे इलाके में भारी रोष है. यह घटना तब पता चली जब बच्ची के लापता होने के बाद उसके रिश्तेदारों ने उसकी तलाश शुरू की।

# टीएमसी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती नियमों के खिलाफ नहीं



नईदिल्ली, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में मतगणना के दौरान केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट ने कहा कि काउंटिंग टेबल पर केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती नियमों के खिलाफ नहीं है। कोर्ट ने कहा, अगर मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायकों को पूरी तरह से केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों से भी लिया जाता है, तो इसे गलत नहीं कहा जा सकता। कानून चुनाव आयोग के ढांचे के तहत राज्य या केंद्र के अधिकारियों में से चयन की अनुमति देता है।

कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई बिना कोई आदेश पारित किए खत्म कर दी। कोर्ट ने केवल चुनाव आयोग की इस बात को दर्ज किया कि मतगणना कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कहा था कि अब वह केवल यह मांग कर रही है कि परिपत्र के अनुसार हर मतगणना केंद्र पर कम से कम एक व्यक्ति राज्य सरकार का कर्मचारी हो।

टीएमसी का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा, पहले से ही केंद्र सरकार का एक नामित सदस्य मौजूद है और अब एक और सदस्य जोड़ा जा रहा है। सर्कुलर में राज्य सरकार के नामित सदस्य की जरूरत बताई गई है लेकिन नियुक्ति नहीं की जा रही। अनुच्छेद 324 का मतलब यह नहीं है कि चुनाव आयोग जो मन मे आए करे। ऐसी चीजें पहले नहीं हुईं। चुनाव आयोग को कहां से आशंका हो गई?

सिब्बल ने कहा, 4 मुद्दे हैं। पहला- डीईओ को नोटिस 13 अप्रैल को जारी किया गया, लेकिन हमें जानकारी 29 अप्रैल को मिली। दूसरा- हमें आशंका है कि हर बूथ में गड़बड़ी होने वाली है। तीसरा ये कि हर बैठक में पहले ही एक केंद्रीय अधिकारी मौजूद है, तो अब एक और अधिकारी की क्या जरूरत है? चौथा यह कि परिपत्र में ही कहा गया है कि एक राज्य अधिकारी भी होना चाहिए, लेकिन वे नियुक्त नहीं करते हैं।

## कांकेर में डि-माइनिंग ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट, डीआरजी के 4 जवान शहीद

कांकेर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नारायणपुर सीमा क्षेत्र में शनिवार को डि-माइनिंग ऑपरेशन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाना छोटेबेठिया क्षेत्र में पुलिस की टीम एरिया डॉमिनेशन और सर्च ऑपरेशन पर निकली थी, तभी आईईडी निष्क्रिय करते समय अचानक विस्फोट हो गया।इस हादसे में कांकेर डीआरजी के चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन जवान इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा और बस्तर फाइटर कॉन्स्टेबल संजय गढ़पाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बस्तर फाइटर कॉन्स्टेबल परमानंद कोर्राम को रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों से मिली जानकारी के आधार पर बस्तर रेंज में सैकड़ों आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किए जा चुके हैं। हालांकि, इस घटना में आईईडी को निष्क्रिय करते समय वह अचानक फट गया, जिससे यह दुखद हादसा हुआ।



# ईरान युद्ध की आग में झुलसा एविएशन सेक्टर

### एयर इंडिया ने रद्द कीं 100 FLIGHTS; अमेरिकी एयरलाइन हमेशा के लिए बंद

नई दिल्ली,(आरएनएस)। खाड़ी देशों में सुलग रही युद्ध की लपटें अब आसमान का सफर भी महंगा और मुश्किल बना रही हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के लगातार बंद रहने से दुनिया भर में कच्चे तेल का संकट इस कदर गहरा गया है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल ( ATF) की कीमतें बेकाबू हो चुकी हैं। जेट फ्यूल की इस बेतहाशा महंगाई ने विमानन कंपनियों की कमर तोड़ कर रख दी है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि भारत की प्रमुख



एयरलाइन 'एयर इंडिया' को अपने ऑपरेशनल खर्च का बोझ कम करने के लिए बड़ा फैसला लेना पड़ा है। कंपनी ने तत्काल प्रभाव से अपनी 100 दैनिक उड़ानों पर कैंची चला दी है। वहीं, अमेरिका में फ्यूल के बढ़ते खर्च ने एक पूरी एयरलाइन को ही हमेशा के लिए बंद करवा दिया है।

लगातार बढ़ रहे फ्यूल के दामों ने एयर इंडिया के आर्थिक ढांचे को हिला कर रख दिया है। सामान्य तौर पर एयर इंडिया हर दिन 1100 से अधिक उड़ानों का संचालन करती है, लेकिन भारी भरकम ऑपरेशनल लागत को कम करने के लिए अब इनमें बड़ी कटौती की जा रही है।

## स्कूल टीचर ने 2 पीरियड तक धूप में खड़ा रखा, छात्र ने दी जान, गांव वालों में गुस्सा

गुरदासपुर (पंजाब), (आरएनएस)। गुरदासपुर जिले से हैरान करने वाली घटना सामने आई है. यहां एक प्राइवेट स्कूल के 15 साल के छात्र ने कथित तौर पर सुसाइड कर लिया. जानकारी के मुताबिक, स्कूल के टीचर ने उसे छोटी सी गलती के लिए कड़ी सजा दी और 2 पीरियड तक धूप में खड़ा रखा, जिससे दुखी होकर नाबालिग छात्र ने सुसाइड कर लिया. मौके पर मौजूद साथी छात्रों ने स्कूल प्रबंध की ज्यादती के बारे में बताया.यह घटना ब्लॉक काहनूवान के गांव झंडा लुबाना की है. 15 वर्षीय छात्र पास के शहर दसूहा के एक मशहूर स्कूल में पढ़ता था.।




## पुणे में 4 साल की बच्ची की यौन उत्पीड़न के बाद हत्या, विरोध-प्रदर्शन, हिरासत में बुजुर्ग

पुणे, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे जिले के भोर तालुका से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसने इंसानियत को कलंकित कर दिया है. इस घटना ने पूरे समाज की अंतरात्मा को हिला दिया है. नसरपुर में 4 साल की बच्ची के साथ बेरहमी से रेप और मर्डर के बाद लोगों में भारी गुस्सा है।

इस घटना के बाद गुस्साए गांववालों ने पुणे-सतारा हाईवे पर रास्ता रोक कर विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार तरीके से मांग की कि आरोपियों को तुरंत उनकी कस्टडी में सौंपा जाए. आज नरसापुर गांव के लोगों ने छोटी बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए पूरा बंद रखा.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह अमानवीय काम नसरापुर गांव में एक पशु बाड़े के अंदर हुआ. एक दरिंदे ने मासूम बच्ची को अकेला पाकर उसका यौन उत्पीड़न किया और बाद में सबूत मिटाने के खास इरादे से उसकी हत्या कर दी. जैसे ही यह भयानक जुर्म सामने आया, पूरे इलाके में डर और गुस्से का माहौल छा गया. घटना की खबर मिलते ही सैकड़ों गांववाले सड़कों पर उतर आए और पुणे-सतारा हाईवे को दोनों तरफ से जाम कर दिया.नारेबाजी के बीच गुस्साए लोगों ने आरोपी को सौंपने की मांग की।

# क्रूज में धीरे-धीरे भरता रहा पानी, मदद के लिए चिल्लाते रहे लोग; जबलपुर हादसे का एक और वीडियो आया सामने



जबलपुर(आरएनएस)। जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे को लेकर लगातार नए खुलासे सामने आ रहे हैं। इसी बीच एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसने सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि क्रूज में बैठे यात्री शुरुआत में सामान्य स्थिति में थे, लेकिन अचानक तेज़ी से पानी अंदर घुसने लगता है। कुछ ही पलों में माहौल अफरा-तफरी में बदल जाता है—बच्चे रोने लगते हैं और यात्री जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगते हैं।सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि क्रूज स्टाफ ने लाइफ जैकेट तब निकालनी शुरू की, जब नाव डूबने लगी थी। कई यात्री बिना लाइफ जैकेट के नजर आए, जबकि कुछ खुद स्टोरेज खोलकर उन्हें ढूंढ़ते दिखे। इनलैंड वेसल्स एक्ट 2021 के तहत हर यात्री को यात्रा शुरू होने से पहले लाइफ जैकेट देना और पहनाना अनिवार्य है, लेकिन इस नियम का पालन नहीं किया गया।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि क्रूज के लिए 29 टिकट जारी किए गए थे, जबकि उसमें 40 से अधिक लोग सवार थे। हैरानी की बात यह है कि मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की आंधी की चेतावनी के बावजूद क्रूज को पानी में उतारा गया।अब तक इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4 लोग अब भी लापता हैं।

### दिल दहला देने वाली घटना

इस हादसे की सबसे मार्मिक घटना दिल्ली से आए एक परिवार की है। मरीना मैसी ने अपने चार वर्षीय बेटे त्रिशान को अपनी ही लाइफ जैकेट में बांध लिया और आखिरी सांस तक उसे सीने से लगाए रखा। जब दोनों के शव बरामद हुए, तब भी मां-बेटा एक-दूसरे से लिपटे हुए थे।मरीना के पति प्रदीप मैसी ने बताया कि हादसे के दौरान स्टाफ केवल यात्रियों को बैठने के लिए कहता रहा और किसी तरह की मदद नहीं की। उन्हें एक ट्यूब मिली, जिसकी मदद से वे किनारे तक पहुंच सके। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य में भी लापरवाही सामने आई। जानकारी के अनुसार, शाम 6:15 बजे घटना की सूचना मिलने के बावजूद पहली रेस्क्यू टीम 6:40 बजे तक रवाना नहीं हो सकी। वाहन में तकनीकी खराबी के कारण उपकरण दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करने पड़े। दूसरी टीम करीब 7 बजे रवाना हुई। इस देरी के कारण शुरुआती दो घंटे, जो बेहद महत्वपूर्ण थे, प्रभावित हुए—और यही देरी कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकती थी।

राजधानी समाचार





# भोपाल में मानस भवन के पास 70 साल पुरानी आदिवासी बस्ती हटाई, विरोध पर हल्का लाठीचार्ज, कांग्रेस नेता हिरासत में

## 27 परिवारों का विस्थापन, पुलिस छावनी में बदला इलाका, पुनर्वास को लेकर उठे सवाल





### 27 परिवारों का विस्थापन, पुनर्वास का दावा

*प्रशासन के अनुसार, इस कार्रवाई में 27 परिवारों को हटाया गया है। इन्हें भौंरी, कलखेड़ा और मालीखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने 1 बीएचके फ्लैट्स में शिफ्ट किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन वन विभाग की है और यहां लंबे समय से अतिक्रमण था। करीब 95 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम, चार बुलडोजर और भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया गया।*

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित मानस भवन क्षेत्र में जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 70 साल पुरानी आदिवासी बस्ती को हटा दिया। सुबह करीब छह बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में झुग्गियों को तोड़ा गया, जो दोपहर लगभग तीन बजे तक जारी रही। पूरे इलाके को पुलिस ने घेराबंदी कर सील कर दिया था और बैरिकेडिंग कर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई। कार्रवाई के दौरान विरोध भी तेज हुआ। स्थानीय रहवासियों और कांग्रेस नेताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया और कुछ नेताओं को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी और आसिफ जकी सहित कई नेता मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। एक युवक विरोध में टावर पर चढ़ गया, जिसे पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई को गरीब और आदिवासी विरोधी बताते हुए इसे अदालत में चुनौती देने की बात कही।

**झड़प और तनाव का माहौल**

कार्रवाई के दौरान रहवासियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला करने की कोशिश की, जिसके जवाब में पुलिस ने बल प्रयोग किया। पूरे क्षेत्र में वॉटर कैनन और भारी पुलिस बल तैनात रहा। बस्ती के बाहर रोके गए लोग सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे। महिलाओं और बच्चों ने धूप में बैठकर कार्रवाई का विरोध किया और पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था की मांग उठाई।प्रशासन का कहना है कि इस क्षेत्र में भविष्य में विकास परियोजनाएं, जैसे राम म्यूजियम, प्रस्तावित हैं। वहीं, रहवासी और विपक्षी दल इस कार्रवाई को बिना पर्याप्त पुनर्वास और मानवीय दृष्टिकोण के उठाया गया कदम बता रहे हैं।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल में हुए अखिल भारतीय सेमिनार में लोक निर्माण विभाग और आईआईटी इंदौर तथा गृहा संस्था के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान हुआ*

# हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से

## माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ने हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र वेबसाइट पर किए अपलोड



भोपाल,(निप्र)। भोपाल प्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से प्रारंभ हो रही है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र MPONLINE के पोर्टल www.mpbse.mponline.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

# भोपाल में एमडी ड्रग तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार, 23.14 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त

## एमपी नगर में ग्राहक को सप्लाई देने की तैयारी में था आरोपी, पूछताछ में सप्लायर का खुलासा

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में क्राइम ब्रांच ने शनिवार को मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग की तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23.14 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया है। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एमपी नगर स्थित ब्रिज के नीचे एक युवक ग्राहक को एमडी ड्रग की डिलीवरी देने के लिए खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम माणिकलाल निवासी गोविंद गार्डन, अशोका गार्डन बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 23.14 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई।पूछताछ के दौरान माणिकलाल ने बताया कि उसने यह ड्रग मोहम्मद रिहान से खरीदी थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने पीरगेट निवासी रिहान खान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में मरीजों को मिल रही हैं अत्याधुनिक सुविधाएं

## अल्प समय में ही 61 जटिल जीवन-रक्षक प्रक्रियाएँ सफल उप मुख्यमंत्री ने स्थापित अत्याधुनिक मशीनों का लिया जायजा



भोपाल, (आरएनएस)। विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र, संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में स्थापित अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से विभाग ने एक माह से भी कम समय में 61 से अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं विभाग का निरीक्षण कर इन उपलब्धियों और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उन्नत ईआरसीपी, एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड, कोलैन्जियोस्कोपी और लिथोट्रिप्सी जैसी मशीनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और विभाग की दक्षता की सराहना की। मध्यप्रदेश के सबसे उन्नत एडवांस्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्किल लैब के माध्यम से अस्पताल ने न केवल अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि की है, बल्कि गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए जीवनदायिनी भी सिद्ध हुआ है। सफल रही 61 प्रक्रियाओं में से एक बड़ी संख्या उन जीवन-रक्षक हस्तक्षेपों की है, जिनमें सक्रिय रक्तस्राव से जूझ रहे मरीजों का समयबद्ध एंडोस्कोपिक हीमोस्टेसिस किया गया। यदि ये आधुनिक सुविधाएं यहाँ उपलब्ध न होतीं, तो मरीजों को अन्य बड़े शहरों के केंद्रों में रेफर करना अनिवार्य हो जाता, जिससे उपचार में देरी के साथ-साथ मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और जान-माल का खतरा भी बना रहता।

# 6.91 लाख किसानों से 34.73 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का हुआ उपार्जन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल, (निप्र)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 6 लाख 91 हजार किसानों से 34 लाख 73 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। अभी



तक 14 लाख 64 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन की मॉनीटरिंग की जा रही है।मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि किसानों को 5462.42 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाए आदि की व्यवस्थाएँ की गई हैं। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके, इस हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। इसमें बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था की गई है।

# भोपाल में दो क़ानून नहीं चलेंगे-अलोक शर्मा

- पुराने और नये भोपाल की कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर भड़के आलोक शर्मा
- देर रात तक गुलजार रहने वाले पुराने भोपाल का बाजार समय पर बंद करवाने पुलिस कमिश्नर से मिले



भोपाल(ए)। सांसद आलोक शर्मा भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात करने कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पुराने शहर में देर रात तक दुकानों के खुलने, सड़कों पर खड़े वाहनों सहित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की। मुलाकात के बाद भोपाल सांसद ने कहा कि, भोपाल में दो कानून चल रहे हैं, एक तरफ जहां रात 11 बजे दुकानें बंद करवा दी जाती हैं, वही दूसरी तरफ देर रात तक दुकाने खुली रहती हैं। उन्होंने कहा की इस अलग-अलग व्यवस्था को लेकर भोपाल के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियो को एक नया कानून जारी कर देना चाहिए।

**- भोपाल में किसी कीमत पर दो कानून नहीं चलेंगे**

एक तरफ जहां नये शहर के साथ ही पुराने शहर के कई इलाको में रात 10 बजे सारी दुकानें बंद हो जाती हैं। वहीं पुराने शहर में देर रात तक दुकाने खुली रहती हैं, जिससे असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं, और आए दिन चाकू बाजी जैसी घटनाएं भी होती रहती हैं। पुराने भोपाल के काजी कैम्प, इतवारा, बुधवारा, चौक बाजार, रॉयल मार्केट की दुकानें रात में खुलने का क्या मतलब है। यह दुकान कोई पाकिस्तान में नहीं है, बल्कि यहीं पर है, तो कानून के हिसाब से ही दुकान खुलने का समय और बंद होने का समय तय होना चाहिए। यह कहना है भोपाल सांसद आलोक शर्मा का। उन्होंने भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से इसी मुद्दे को लेकर मुलाकात की। सांसद ने साफ कहा कि, कोई भी दुकान रात 11 बजे के बाद नहीं खुली रहेगी, पब और बार भी देर रात तक खुले रहते हैं, एक तरफ पब जल्दी बंद हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर देर रात तक पब खुले रहते हैं। सभी के लिए एक जैसा कानून बनना चाहिए, मैं भोपालवासियों से अपील करता हूं कि, भगवान ने रात हमें सोने के लिए दी है। कुछ मुस्लिम परिवार भी इसको बंद करने को लेकर अपनी सहमति दे चुके हैं। मैं एक बार फिर कहता हुं की भोपाल शहर में दो कानून नहीं चलने देंगे। एक ही कानून का पालन सभी को करना होगा।

**- भोपाल पुलिस कमिश्नर- कलेक्टर की जमकर की प्रशंसा**

भोपाल ट्रैफिक को लेकर उन्होंने कहा कि, भोपाल कलेक्टर और भोपाल पुलिस कमिश्नर इसको लेकर अच्छा काम कर रहे हैं। हम लगातार फंड लाने का भी काम कर रहे हैं। नगर निगम से इसको लेकर 10 करोड़ रुपए का फंड आया है। 5 करोड़ रुपए तत्कालीन कलेक्टर ने दिए हैं, चौराहों को ठीक करने, लेफ्ट टर्न को ठीक करने का काम हमारा जिला प्रशासन कर रहा है। जल्दी ही चौराहों से रोटरी को हटाने का काम किया जाएगा।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने केंद्र में ही फांसी लगाकर की आत्महत्या

## - सुसाइड नोट में लगाये पति पर प्रताड़ना के आरोप

भोपाल(ए.)। शहर के कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाली एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने थुआखेड़ा आंगनबाड़ी में केंद्र में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक डायरी से दो पेज का सुसाइड नोट मिला। बाद में यह डायरी परिजनों ने पुलिस को सौंप दी है। सुसाइड नोट में महिला ने पति पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। साथ ही अपने बेटे और बहू को उनका हक दिलाने की बात लिखी और पति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात लिखी है। मर्ग कायम कर पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार थुआखेड़ी की रहने वाली ओमवती मीणा पति राजेश मीणा (48) आंगनबाड़ी में नौकरी करती थीं। शुक्रवार शाम वह आंगनबाड़ी में अकेली थीं।

# किराए पर लगवाने का झाँसा देकर गाड़ियां बेचने वाला गिरोह बेनकाब

- कारो को सरकारी विभाग मे किराए पर लगवाने का देते थे झासा
- टीकमगढ़, सागर, दमोह से गाड़िया लाकर भोपाल में बेच देते



भोपाल(ए.)। शहर की अयोध्यानगर थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को बेनकाब किया है, जो टीकमगढ़, सागर, दमोह मे देहात इलाके के लोगो को निशाना बनाकर उनकी गाडियो को सरकारी विभाग मे मोटे किराए पर लगवाने का झाँसा देकर गाड़ियां लेते और उन्हे भोपाल लेकर आ जाते थे। यहाँ आरोपी

खरीददार को मजबूरी बताकर इन वाहनो को सस्ते दामो पर बेच देते थे। टीम ने एक आरोपी को दबोचकर उसकी निशानदेही पर इनोवा, एक्सयूवी सहित 80 लाख कीमत के पॉच चार पहिया वाहन जप्त किये है। जानकारी के अनुसार बीती 12 अप्रैल 26 को टीकमगढ निवासी फरियादी मनोज मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की आरोपी आलोक चौबे ने उनकी महिन्द्रा एक्सयूवी कार एयरपोर्ट पर 45 हजार रुपये महीने पर किराये से चलवाने का झांसा देकर एग्रीमेंट कर गाड़ी ले ली थी। इसके साथ ही आरोपी ने उनसे गाड़ी लगाने के लिए गारंटी के तौर पर बतौर जमानत 35 हजार रूपये भी लिए। आरोपी आलोक उनकी गाड़ी को टीकमगढ़ से भोपाल लेकर आया और पहले महिने में किराया भी भेजा। लेकिन इसके बाद उसने किराया देना बंद कर दिया। जब मनोज ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि आरोपी आलोक ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर उनकी गाड़ी कहीं बेच दी है। फरियारदी की शिकायत पर पुलिस ने आलोक चौबे और उसके साथी अरविन्द के खिलाफ मामला कायम कर उसकी तलाश शुरु की। आखिकार पुलिस ने फरार आरोपी आलोक चौबे पिता मुन्नालाल चौबे (250 निवासी, खडमुलया कोलार रोड अमरावत, भोपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# वृद्ध पिता ने बेटे के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

- पारिवारिक विवाद में हुई वारदात, पीएम रिर्पोट में हुआ खुलासा



भोपाल(ए.)। देहात इलाके के नजीराबाद थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में वृद्ध पिता ने अपने बेटे पर कुल्हाड़ी से घातक वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। शुरुआती जॉच में मृतक के परिजन पुलिस को गुमराह करते हुए सिर पर कुल्हाड़ी गिरने से उसकी मौत होने की बात कहते रहे। बाद में सामने आई पीएम रिपोर्ट और अन्य लोगों के बयान के आधार पर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय भगवान सिंह ग्राम बहरावल में रहता था। 31 मार्च को उसकी पीठ में कुल्हाड़ी लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया था बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस टीम को शुरुआती जॉच में परिजनों ने बताया था कि वेल्डिंग करते समय उसके सिर पर कुल्हाड़ी गिर गई थी। पुलिस ने पूरे मामले की बारीकी से छानबीन की तब सामने आया की उसके 77 वर्षीय पिता गंगाराम ने सिर पर कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या की है। घटना वाले दिन मृतक भगवान सिंह के माता-पिता के बीच किसी बात को विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर बेटे भगवान सिंह ने अपने पिता से दुर्व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक बातें कह दी।

# एम्स में भर्ती रेबीज के मरीज ने खिड़की से छलांग लगाकर की खुदकुशी

*- आवारा कुत्ते के काटने से शरीर में फैल गया था रैबीज का संक्रमण- भोंकने के साथ ही मुंह से लार गिराने लगा था मृतक, तब एम्स में कराया भर्ती*





भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल में स्थित एम्स हॉस्टपिटल के मेडिकल वार्ड में भर्ती रेबीज के मरीज द्वारा वार्ड की खिड़की से छलांग लगाकर आत्महत्या किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। नीचे गिरने पर उसके दोनों हाथ व पैर टूट गए थे। अस्पताल में कुछ देर चले के इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बागसेवनिया पुलिस के अनुसार विदिशा जिले के इकोदिया गांव थाना नटेरन के रहने वाले कमल सिंह पिता बलराम सिंह (24) को बीती 5 मार्च को गांव में ही मोहल्ले के आवारा कुत्ते ने उसके दाहिने हाथ में काट लिया था। कुत्ते के काटने पर उसके हाथ से थोड़ा खून निकला और उस समय कोई तकलीफ न होने पर कमल सिंह ने लापरवाही बरतते हुए डॉक्टर को नहीं दिखाया और न ही रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। घटना के कुछ दिन बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसने स्थानीय अस्पताल में दिखाया जहॉ डॉक्टरो ने उसे बताया गया कि एंटी रेबीज का इंजेक्शन नहीं लगने के कारण उसके शरीर में संक्रमण फैल गया और उसे रेबीज हो गया। रेबीज होने के कारण वह अजीब हरकतें करते हुए भोंकने के साथ ही मुंह से लार गिरा रहा था। हालत अधिक बिगड़ने वर परिजनों ने उसे 30 अप्रैल को इलाज के लिये एम्स में भर्ती करा दिया। उसे अस्पताल की पहली मंजिल पर बने मेडिकल वार्ड के आईसोलेशन वार्ड में रखा गया था। गुरुवार रात वह वार्ड के स्टॉफ की नजर से बचते हुए खिड़की के पास पहुंचा और नीचे छलांग लगा दी। जमीन पर गिरने के कारण उसके दोनों हाथ-पैर टूट गए। उसका एम्स में ही इलाज शुरु किया गया लेकिर थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 2304 किसानों से 1.78 लाख क्विंटल से अधिक गेहूँ की खरीदी

## किसानों को अब तक लगभग 14.78 करोड़ का भुगतान भी हुआ

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर जिले में समर्थन मूल्य पर सुव्यवस्थित ढंग से गेहूँ का उपार्जन जारी है। जिले में गेहूँ उपार्जन के लिये वर्तमान में 40 केन्द्र संचालित हैं। शनिवार 2 मई तक जिले में कुल मिलाकर 2 हजार 304 किसानों से 01 लाख 78 हजार 361 क्विंटन गेहूँ की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचकर गए किसानों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में तेजी से भुगतान किया जा रहा है। अब तक लगभग 14 करोड़ 78 लाख रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गेहूँ उपार्जन व्यवस्था से जुड़े विभागों के अधिकारियों को लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इस कड़ी में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अरविंद सिंह भदौरिया सहित अन्य



अधिकारियों ने करहिया सहित अन्य खरीदी केन्द्रों का शनिवार को निरीक्षण किया।जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भदौरिया ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये जिले में कुल 14 हजार 447 किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक 8 हजार 403 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है। सरकार द्वारा स्लॉट बुकिंग की तिथि 23 मई तक बढ़ा दी गई है। ज्ञात हो सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 2625 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूँ की खरीदी की जा रही है।

### हर खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिये की गई हैं बेहतर व्यवस्थायें

जिले के प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देशों के तहत किसानों के लिये पेयजल, छाया, गुड़-चना, शरबत, छाछ व ओआरएस इत्यादि की व्यवस्था की गई है। साथ ही गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर प्राथमिक चिकित्सा किट की व्यवस्था भी कराई गई है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को अपनी उपज बेचने में जरा सी भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। किसानों के साथ पूरी संवेदनशीलता बरतें और स्लॉट बुकिंग के अनुसार खरीदी की जाए।

## नगर निगम के जिम्मेदारों की दबंगाई पर भड़के ड्राइवर और वाहन मालिक



बुरहानपुर (ए.)। नगर निगम के जिम्मेदारों के द्वारा कब क्या कार्यवाही की जानी है इसका कोई ठिकाना नहीं कभी स्वच्छता के नाम पर सपोर्ट फाइन की बजाय संबंधितों पर अमानवीय कार्यवाही तो कभी सड़क किनारे खड़े वाहनों और हाथ ठेला व्यवसाययों को हटाने के नाम पर दबंगई मामला बस स्टैंड स्थित परकोटे के निकट का है जहां रोड किनारे चार पहिया वाहनों की निगम के अधिकारियों ने नियम कायदे से बाहर जाकर वहां खड़े वाहनों की हवा निकलने से मामला उलझ गया नगर निगम के जिम्मेदारों ने यातायात पुलिस को साथ लेकर सड़क के किनारे खड़े वाहनों का चालान बनवाना चाहिए परंतु ऐसा नहीं कर स्वयं ही वाहनों की हवा निकालने पर चार पहिया वाहन मालिक और ड्राइवर अधिकारियों से उलझ कर दोगली नीति का आरोप लगाया कि वहां बसें भी खड़ी हैं उनके टायर से हवा क्यों नहीं निकल गई ।

## क्रूज हादसे के बाद गौरीघाट पर नाव संचालन बंद- रोज़ी-रोटी और आवागमन पर संकट

जबलपुर(ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी क्रूज हादसे के बाद प्रशासन द्वारा सख्ती बढ़ाते हुए मां नर्मदा के घाटों पर नाव संचालन पर रोक लगा दी गई है। इस निर्णय का सबसे अधिक असर गौरीघाट पर देखने को मिल रहा है, जहां नाव बंद होने से आम लोगों और नाविक समुदाय के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है।गौरीघाट



से प्रतिदिन सैकड़ों लोग नर्मदा पार कर शहर आते-जाते हैं। इनमें बड़ी संख्या दिहाड़ी मजदूरों की है, जो सुबह काम के लिए इस पार आते हैं और शाम को वापस लौटते हैं। नाव संचालन बंद होने से उनका दैनिक आवागमन प्रभावित हो गया है, जिससे आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गौरीघाट पर छोटी-बड़ी मिलाकर करीब 100 नावें संचालित होती हैं, जो नर्मदा पार बसे गांवों के लोगों के लिए मुख्य परिवहन का साधन हैं। प्रशासन के आदेश के बाद पुलिस ने घाटों पर निगरानी बढ़ा दी है और नावों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।इस फैसले से मल्लाह और बर्मन समाज के लोगों के सामने भी रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है। नाव संचालन ही उनकी आय का प्रमुख साधन है, जो अब ठप हो गया है। वहीं दूसरी ओर, मजदूरी के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए नाव संचालन को फिर से शुरू किया जाए।

## गुणवत्ता जांच की नियमित व्यवस्था और निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें : अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा

### अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने जल परियोजनाओं का निरीक्षण किया



उज्जैन (ए.)। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने शनिवार को हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना और सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का निरीक्षण कर वहां प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया और प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन ,कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने सबसे पहले हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का निरीक्षण कर कार्य की गती बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात डॉ. राजौरा ने सेवरखेड़ी जलाशय का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ 2028 के सफल आयोजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इस परियोजना में वर्तमान में 75% कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान एसीएस डॉ. राजौरा ने अर्थवर्क (मिट्टी भराई) एवं पिचिंग के कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने निर्माण स्थल पर मिट्टी की गुणवत्ता (Soil Quality) की जांच की जानकारी ली तथा गुणवत्ता नियंत्रण के मैकेनिज्म के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

ए.सी.एस. डॉ. राजौरा ने नियमित गुणवत्ता जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल ने जानाकारी दी कि वर्तमान में सेवरखेड़ी जलाशय में अर्थवर्क एवं पिचिंग कार्य प्रगति पर हैं। सेवरखेड़ी जलाशय में आने वाला पानी पंपिंग के माध्यम से बारीश के मौसम में शिप्रा नदी से लाया जाएगा, जबकि गर्मीयों के मौसम में पानी की सप्लाय नदी में ग्रैविटी फ्लो डिस्चार्ज से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## कक्षा 10 वी में 97.2 प्रतिशत अंक लाने वाली प्रतिष्ठा को मंत्री श्री कुशवाह ने दी बधाई



ग्वालियर (ए.)। कक्षा 10वीं सी बी एस सी बोर्ड परीक्षा में 97.2% अंक प्राप्त करने वाले बीजेपी नेता दिनेश जैन जी की सुपुत्री कु. प्रतिष्ठा जैन को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आपकी यह मेहनत और लगन आने वाले समय में और भी बड़ी सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर ग्वालियर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, निगम एवं विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हनुमान जी महाराज की कृपा से आप सभी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए क्षेत्र के विकास में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करें ।

## व्यापार समाचार

# आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स को दी बड़ी राहत, ड्यू डेट मिस करने के बाद भी नहीं लगेगा जुर्माना!

नई दिल्ली (आरएनएस)। आज के दौर में क्रेडिट कार्ड सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी यह रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। शॉपिंग से लेकर बिजली-पानी के बिल तक, हर काम अब कार्ड से आसान हो गया है। लेकिन ड्यू डेट भूलने पर लगने वाले भारी-भरकम चार्जेस अक्सर लोगों के लिए परेशानी बन जाते हैं।

अब Reserve Bank of India (RBI) ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स को बड़ी राहत दी है, जिससे लेट पेमेंट पर लगने वाले जुर्माने का बोझ कम होगा।

### ड्यू डेट के बाद मिलेगी 3 दिन की राहत

आरबीआई के नए नियमों के तहत अब बैंक ड्यू डेट मिस होते ही तुरंत लेट फीस नहीं वसूल सकेंगे। ग्राहकों को कम से कम 3 दिन का ग्रेस पीरियड मिलेगा। यानी अगर आपकी पेमेंट की आखिरी तारीख 5 तारीख है, तो आप 8 तारीख तक बिना किसी लेट फीस के भुगतान कर सकते हैं। इस दौरान आपका अकाउंट ओवरड्यू नहीं माना जाएगा।

### अब पूरे बिल पर नहीं, सिर्फ बकाया रकम पर जुर्माना




एक और अहम बदलाव यह है कि अब लेट फीस पूरे बिल अमाउंट पर नहीं, बल्कि सिर्फ उस बकाया राशि पर लगेगी जो आपने चुकाई नहीं है। इससे ग्राहकों पर ब्याज और पेनल्टी का बोझ पहले के मुकाबले काफी कम होगा। आरबीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी और उपभोक्ता-हितैषी बनाना है।

### क्रेडिट स्कोर रहेगा सुरक्षित

पहले एक-दो दिन की देरी भी आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचा सकती थी। लेकिन नए नियम के अनुसार, अगर आप 3 दिन के ग्रेस पीरियड के भीतर भुगतान कर देते हैं, तो आपके क्रेडिट स्कोर पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। हालांकि 'डेज पास्ट ड्यू' की गिनती मूल ड्यू डेट से ही शुरू होगी, लेकिन रिपोर्टिंग और पेनल्टी में 3 दिन की राहत दी जाएगी।

### कब से लागू होंगे नए नियम ?

यह बदलाव आरबीआई के अपडेटेड "क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड निर्देश, 2026" के तहत किया गया है। नए नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू होंगे। तब तक बैंक और कार्ड कंपनियां अपने सिस्टम को अपडेट करेंगी, इसलिए फिलहाल पुराने नियम ही लागू रहेंगे।

### यूजर्स के लिए सलाह

हालांकि यह राहत फायदेमंद है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप पेमेंट में लापरवाही करें। समय पर बिल चुकाना ही सबसे सुरक्षित तरीका है, ताकि आप अतिरिक्त ब्याज और कर्ज के बोझ से बच सकें।

कुल मिलाकर, यह नया नियम उन लोगों के लिए राहत भरा कदम है जो कभी-कभार ड्यू डेट मिस कर देते हैं, और इससे डिजिटल बैंकिंग को और ज्यादा भरोसेमंद बनाने में मदद मिलेगी।

## इस कंपनी ने खत्म की ग्राहकों की टेंशन, अब नई गाड़ी खरीदने पर मिलेगी 8 साल और 2 लाख किमी की वारंटी



नई दिल्ली (आरएनएस)। लेक्सस इंडिया (Le&us India) ने भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने और ग्राहकों को टेंशन फ्री ओनरशिप का अनुभव देने के लिए एक बहुत बड़ा ऐलान किया है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत में अपनी शानदार नेक्स्ट-जेन ES इलेक्ट्रिक को भी लॉन्च कर दिया है, जो अपने पुराने मॉडल से कहीं ज्यादा स्टाइलिश और एडवांस है।

### 8 साल या 2 लाख किलोमीटर की शानदार वारंटी का ऐलान

ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनी ने 1 अप्रैल 2026 से बिकने वाले अपने सभी नए मॉडल्स पर स्टैंडर्ड व्हीकल वारंटी को बढ़ाकर 8 साल या 2,00,000 किलोमीटर कर दिया है। सबसे खास बात यह है कि इस लंबी वारंटी के लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाएगा। इस ऐतिहासिक कदम के साथ ही लेक्सस भारतीय प्रीमियम कार सेगमेंट में इतनी लंबी वारंटी कवरेज देने वाली पहली कंपनी बन गई है।

### लग्जरी केयर के साथ ग्राहकों को मिलेगी मानसिक शांति

इस नए ओनरशिप पैकेज पर लेक्सस इंडिया के प्रेसिडेंट हिकारू इकेउची ने बताया कि यह फैसला लेक्सस के वाहनों की बेजोड़ क्वालिटी और विश्वसनीयता को दर्शाता है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उनके सफर के दौरान पूरी मानसिक शांति प्रदान करना है। इस वारंटी के साथ-साथ ग्राहकों को कस्टमाइज्ड फाइनेंस, लेक्सस लग्जरी केयर पैकेज, आसान इंश्योरेंस और रोडसाइड असिस्टेंस जैसी कई अन्य लग्जरी सुविधाएं भी मिलती रहेंगी।

### नई नेक्स्ट-जेन ES इलेक्ट्रिक की भारतीय बाजार में धमाकेदार एंट्री


वारंटी के इस बड़े तोहफे के साथ लेक्सस ने भारत में अपनी नेक्स्ट-जेन श्वस् को भी उतार दिया है। नई श्वस् का डिजाइन पहले के मुकाबले काफी शार्प और आकर्षक है। इसके फ्रंट में ॅ-शेप की स्लीक लाइटें दी गई हैं, जिनमें डे-टाइम रनिंग लैंप और इंडिकेटर शामिल हैं। इस बार पुरानी स्पिंडल ग्रिल को हटाकर फ्रंट बंपर के बेस पर डायमंड पैटर्न वाला एक नया और स्पोर्टी एयर डैम दिया गया है। नई श्वस् अपने पिछले मॉडल के मुकाबले आकार में भी काफी बड़ी है। यह 165mm लंबी, 55द्व्द्व चौड़ी और करीब 110-115mm ऊंची है, जिससे कार का रोड प्रेजेंस और भी ज्यादा दमदार हो गया है।

### आधुनिक फीचर्स और लग्जरी इंटीरियर से लैस है केबिन

नई लेक्सस श्वस् का इंटीरियर पूरी तरह से अत्याधुनिक और साफ-सुथरे डिजाइन वाला है। पुराने बटनों की जगह इसमें 14-इंच का बड़ा इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन दिया गया है, जो ओवर-द-एयर (OTA) अपडेट्स को सपोर्ट करता है। इसके अलावा 12.3-इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, शानदार मार्क लेविंसन साउंड सिस्टम, इलेक्ट्रोक्रोमिक पैनोरमिक ग्लास रूफ और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) इसे और भी हाई-टेक बनाते हैं।

# कच्चे तेल में गिरावट का असर, कहीं बढ़े, कहीं घटे पेट्रोल-डीजल के दाम!

### - अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 14 डॉलर टूटकर 108 डॉलर के करीब पहुंचा




नई दिल्ली (ए)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद शनिवार को देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम में मिला-जुला असर देखने को मिला। एक दिन में ब्रेंट क्रूड 122 डॉलर से गिरकर 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिसने घरेलू ईंधन बाजार में हलचल पैदा कर दी। बीते 24 घंटे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 118.20 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 101.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो एक दिन पहले के 122 डॉलर के स्तर से काफी नीचे है। इस नाटकीय गिरावट के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर इसका असर कहीं वृद्धि तो कहीं कमी के रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये और डीजल 13 पैसे बढ़कर 87.89 रुपये प्रति लीटर हुआ। इसी तरह नोएडा में भी पेट्रोल 11 पैसे और डीजल 9 पैसे महंगे हुए। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुरुग्राम में उपभोक्ताओं को राहत मिली, जहां पेट्रोल और डीजल दोनों 9 पैसे सस्ते हुए हैं। हालांकि दिल्ली (पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये), मुंबई (पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये), चेन्नई (पेट्रोल 100.76 रुपये, डीजल 92.35 रुपये) और कोलकाता (पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये) जैसे देश के चारों महानगरों में शनिवार को ईंधन की कीमतें पहले के स्तर पर ही स्थिर बनी हुई हैं।

## वैश्विक उथल-पुथल और घरेलू खरीदारी के बीच झूलता रहा भारतीय शेयर बाजार

### - साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में लगभग 0.50 फीसदी और निफ्टी में 0.39 फीसदी की गिरावट रही

मुंबई (ए.)। मजदूर दिवस के अवकाश के कारण यह सप्ताह छोटा रहा, पर भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों को भावनाओं के रोलरकोस्टर का अनुभव हुआ। लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार में आशा लौटी पर मंगलवार और खासकर गुरुवार को वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी फंडों की निकासी से बाजार फिर दबाव में आ गया। इस अस्थिर सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी में तीव्र उतार-चढ़ाव रहा। सप्ताह का पहला दिन भारतीय बाजार के लिए राहत भरा रहा। पिछली गिरावट के बाद सोमवार को बाजार जोरदार हरे निशान पर खुले। वैश्विक सकारात्मक संकेतों और प्रमुख शेयरों में खरीदारी से दिनभर तेजी रही। सेंसेक्स 639 अंक बढ़कर 77,303 पर, और निफ्टी 194 अंक चढ़कर 24,092 पर बंद हुए, जिससे निवेशकों को बड़ी राहत मिली। मंगलवार को बाजार की गति धीमी रही। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में गिरावट से नरमी आई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 208 अंक गिरा, निफ्टी भी 42 अंक लुढ़का। रुपया भी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे कमजोर हुआ। दिन के मध्य में सुधार का प्रयास टिकाऊ नहीं रहा। अंततः, सेंसेक्स 416 अंक गिरकर 76,886 पर, और निफ्टी 97 अंक गिरकर 23,995 पर बंद हुए, जिससे यह 24 हजार के स्तर से नीचे चला गया। बुधवार को बाजार ने शानदार वापसी की।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## अधिकारों का सार्थक ढंग

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत में समस्या अधिकारों का अभाव नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारों का सार्थक ढंग से उपभोग किया जा सके। भारत की जमीनी हकीकत से परिचित लोग सहज ही इस राय से इस्तेफ़ाक रखेंगे। अधिकारों पर जारी बहस के बीच प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने यह महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है कि 'जिस अधिकार का व्यवहार में उपभोग ना किया जा सके, वह कागजी वायदे के ज्यादा कुछ नहीं है।' उन्होंने कहा कि भारत में समस्या अधिकारों का अभाव नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारों का सार्थक ढंग से उपयोग किया जा सके। भारत की जमीनी हकीकत से परिचित लोग सहज ही प्रधान न्यायाधीश की इस राय से इस्तेफ़ाक रखेंगे। बेशक, अपने देश में नागरिकों के लिए संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की लंबी सूची है। मगर ये कड़वी हकीकत है कि अधिकांश नागरिकों के लिए वे अधिकार ज्यादा मायने नहीं रखते। मसलन, जिन नागरिकों को उपयुक्त शिक्षा-दीक्षा और ऐसी परिस्थितियां प्राप्त नहीं हुईं, जिनसे वे राजकाज एवं सार्वजनिक मुद्दों पर कुछ कहने योग्य विचार विकसित कर पाएं, उनके लिए अभिव्यक्ति की आजादी महज ऐसा गहना है, जिसे वे कभी पहन नहीं पाते। फिर आसपास भयमुक्त वातावरण ना हो, तो उनके इस अधिकार के लिए खतरा सिर्फ सरकार के फरमानों से नहीं, बल्कि स्थानीय सामाजिक- आर्थिक ढांचे से भी पैदा होता है। जस्टिस कांत ने भी कहा कि भौगोलिक स्थितियों, इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी कमियों और आर्थिक बाधाओं के कारण बड़ी संख्या में लोग अदालत और उन संस्थाओं के पास नहीं पहुंच पाते, जिनका मकसद उनके अधिकारों की रक्षा है।सार यह कि अधिकारों का विमर्श तभी अपनी मंजिल तक पहुंचेगा, जब अधिकारों के उपभोग की परिस्थितियों को चर्चा में शामिल किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं होता, क्योंकि अधिकारों के हनन की सारी बहस सभ्रांत वर्ग के दायरे में सिमटी रहती है। संभवत: यही कारण है कि नागिरक अधिकारों पर हमले और संविधान बचाओ जैसी बातें आम जन मानस को नहीं छू पातीं। जो तबके ऐसे अधिकारों से वंचित हैं, उनमें वोट की ताकत उन हकों की रक्षा करने का जज्बा गायब रहता है। उलटे नकदी ट्रांसफर की योजनाएं उन्हें लुभा लेती हैं, क्योंकि उनसे भले ही सीमित, लेकिन वास्तविक फायदा उन्हें मिलता है। अत: जस्टिस कांत की टिप्पणियों को उनकी सही भावना में देखा जाना चाहिए। ऐसा करना अधिकारों को उनके असल संदर्भ में देखना होगा।

# (विचार मंथन) सबसे महंगी रसोई गैस गरीबों को

**सनत जैन**

***पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का मतदान 29 अप्रैल को जैसे ही खत्म हुआ उसके तुरंत बाद सरकार की सबसे बड़ी महंगाई की गाज गरीबों और मध्यम वर्ग के ऊपर पड़ी है। पेट्रोलियम कंपनियों ने 5 किलो के छोटे सिलेंडर में 261 रुपए की मूल्य वृद्धि कर दी है। भारत में यह सबसे महंगी गैस हो गई है जो 162 रुपए किलो गरीबों को खरीदनी पड़ेगी। पेट्रोलियम कंपनियों ने कमर्शियल रसोई गैस के सिलेंडर से ज्यादा छोटू सिलेंडर की रखी है। निदित रूप से 5 किलो वाले सिलेंडर की सप्लाई पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा की जा रही है।***



पिछले दो महीने में सरकार और पेट्रोलियम कंपनी ने 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के कनेक्शन बड़ी मात्रा में उपलब्ध कराए हैं। अमेरिका और ईरान युद्ध के बाद एलपीजी गैस की कमी होने के कारण सरकार ने एक तीर से दो शिकार किए हैं। 5 किलो के छोटू सिलेंडर ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके लिए लोगों को 5 किलो के सिलेंडर लेने पड़ रहे हैं। इसमें भी पेट्रोलियम कंपनी को कमाई हो रही है। गैस के दाम भी सबसे ज्यादा कर दिए हैं। लाखों लोग रोजाना 5 किलो के सिलेंडर पेट्रोलियम कंपनियों से ले रहे हैं। 14 किलो वाले सिलेंडर की सप्लाई लगातार कम होती जा रही है। इसमें सरकार को सब्सिडी देना पड़ती है। दूसरा इसके लिए गैस भी पेट्रोलियम कंपनियों के पास ज्यादा होनी चाहिए। एक संयोजित रणनीति के तहत 14 किलो के गैस सिलेंडर के स्थान पर 5 किलो के गैस सिलेंडर की सप्लाई बढ़ा दी गई है। भारत में सबसे महंगी गैस गरीबों और मध्यम वर्ग को खरीदना पड़ रही है। कमर्शियल गैस सिलेंडर जो 19 किलो वाला है वह भी छोटू सिलेंडर की तुलना में कम कीमत पर पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा बेचा जा रहा है। रही सही कसर दो-चार दिन में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने को लेकर पूरी होने जा रही है। पेट्रोलियम मंत्री ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने का संकेत दे दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक माह में तीन से चार बार कीमत बढ़ाई जाएगी। 20 से 25 रुपये प्रति लीटर डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। जैसे ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ेंगे उसके बाद बड़ी तेजी के साथ हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ेगी। इसका खामियाजा भी सबसे ज्यादा गरीब और मध्यम वर्ग को ही भुगतना पड़ेगा। इन्हीं की जनसंख्या सबसे ज्यादा है। यही सबसे ज्यादा खाते हैं, पीते हैं, खर्च करते हैं और बोझ भी बहुत सारा सरकार इन्हीं पर डाल रही है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी निजी पेट्रोलियम कंपनियों के ऊपर बड़े मेहरबान हैं। पिछले 4 साल में जब कच्चे तेल के दाम कम थे, उस समय भी निजी क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी को भारी मुनाफा कमाने का मौका दिया गया। रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल कम कीमत पर आयात किया गया। इसका लाभ भारत के उपभोक्ताओं को नहीं मिला। निजी कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल को खरीदकर उसे रिफाइन करके विदेशों में निर्यात किया और भारी मुनाफा कमाया। अभी भी सरकार पेट्रोलियम कंपनियों के ऊपर मेहरबान है। सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटा दी है। इसका फायदा पेट्रोलियम कंपनी को हुआ है। लेकिन अब सरकार जिस तरह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ाने की अनुमति पेट्रोलियम कंपनी को दे रही है उसके बाद महंगाई की गाज गरीबों और मध्यम वर्ग के ऊपर गिरना तय है। इसको लेकर लोगों में अभी से घबराहट दिखने लगी है। आगे भगवान ही मालिक है। सरकार ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। इसको लेकर सभी को हैरानी हो रही है।

## स्वतंत्र मीडिया लोकतंत्र की सेहत का आईना

**सौरभ वार्ष्णेय**

प्रत्येक वर्ष 3 मई को पूरे विश्व में प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सेहत का आईना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मीडिया किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। प्रेस की आज़ादी सिर्फ पत्रकारों का अधिकार नहीं, बल्कि नागरिकों के जानने के अधिकार का विस्तार है। वहीं रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी 2026 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष (2025) के 151वें स्थान की तुलना में यह छह पायदान की गिरावट है। भारत में पत्रकारों के खिलाफ हिंसा, मीडिया के केंद्रीकृत स्वामित्व और राजनीतिक दबाव के कारण यह रैंकिंग बेहद गंभीर श्रेणी में है।

आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, सूचना का प्रवाह पहले से कहीं अधिक तेज़ और व्यापक हो गया है। लेकिन इसी के साथ प्रेस की स्वतंत्रता पर नए प्रकार के खतरे भी मंडरा रहे हैं। फेक न्यूज़, ट्रोल संस्कृति, सत्ता का दबाव, कॉरपोरेट हितों का प्रभाव और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर चुनौती बनकर उभरे हैं। कई देशों में पत्रकारों को सच्चाई उजागर करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है—यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां प्रेस न केवल सत्ता की निगरानी करता है, बल्कि समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज़ भी बनता है।

# बगिया के विष्णु' का विकास विज़न-सुशासन से जन-जन तक पहुंचती सरकार

एल.डी.मानिकपुरी

छत्तीसगढ़ में बीते लगभग ढाई वर्षों में शासन की कार्यशैली को लेकर एक नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश दिखाई देती है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन को केवल एक नारा नहीं, बल्कि जमीनी क्रियान्वयन का आधार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सीमित समयावधि करीब 2 वर्ष 4 माह 17 दिन में ही सरकार ने विकास का जो खाका तैयार किया है, उसे भविष्य की बड़ी तस्वीर के रूप में देखा जा रहा है।

प्रदेश की पहचान 'धान का कटोरा' के रूप में रही है, लेकिन इस पहचान को सम्मान देने का काम हालिया नीतिगत निर्णयों में स्पष्ट दिखता है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय करना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के आत्मविश्वास को मजबूत करने की पहल भी है। इसके साथ ही, तेंदूपत्ता संग्राहकों जिन्हें 'हरा सोना' से जुड़ा श्रमिक वर्ग कहा जाता है, के लिए पारिश्रमिक दर को 5500 रुपये करना और चरण पादुका वितरण जैसे निर्णयों ने आदिवासी क्षेत्रों में राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही लगभग 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देना सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। बेघर और जरूरतमंद परिवारों को छत उपलब्ध कराना सुशासन की पहली सीढ़ी के रूप में देखा गया। राज्य सरकार ने 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि देने की पहल की। यह राशि भले सीमित लगे, लेकिन ग्रामीण और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह आर्थिक संबल का काम कर रही है। यह कदम महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहे बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयासों ने असर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और संकल्प के साथ 31 मार्च 2026 तक नक्सलमुक्ति का लक्ष्य एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। इससे विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

विष्णु देव साय सरकार ने युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से जुड़े मामलों में जांच कराना सरकार के जवाबदेही वाले दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही, खेल गतिविधियों विशेषकर बस्तर व सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है।

विगत वर्ष आयोजित 'सुशासन तिहार' को इस वर्ष भी 1 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य के समन्वय को डबल इंजन सरकार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि इस समन्वय से विकास योजनाओं को गति मिली है और इसका लाभ प्रदेश के लगभग तीन करोड़ नागरिकों तक पहुंच रहा है।

'बगिया के विष्णु' के रूप में पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों ईब से इंद्रावती तक विकास का जो रोडमैप तैयार किया है, वह समावेशी विकास की अवधारणा को दर्शाता है। लक्ष्य स्पष्ट है, अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना।

छत्तीसगढ़ में सुशासन की यह यात्रा अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन दिशा स्पष्ट दिखाई देती है। सरकार की प्राथमिकताओं में किसान, महिला, आदिवासी, युवा और ग्रामीण समाज केंद्र में हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ये नीतियां किस तरह स्थायी बदलाव का रूप लेती हैं, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि विकास की यह कहानी गति पकड़ चुकी है।




मेष राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से बड़ी खुशखबरी मिलेगी और आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन शांतिपूर्ण बीतेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप कुछ नया सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत और कार्य करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। आज आपको नयी जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। आज अध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने लिए अच्छा मौका मिलेगा। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की सख्त जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लकी साबित होगा। असंभव सा लगने वाला काम भी आज पूरा हो जाएगा साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से ख़ुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता बनाये रखें।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। अपने स्वभाव में धैर्य और विनम्रता बनाये रखें।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे और योजना बनाएंगे। आपकी कार्य योजनाएं सफल होने के योग हैं। परिवार से जुड़ी परेशानी आज समाप्त हो जाएगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज किसी फिल्म में गाने का मौका मिल सकता है। आज किसी सामाजिक कार्यशाला में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप अपने सभी काम मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको ख़ुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है।

# नए ज़िम्मेदार ऑनलाइन गेमिंग इकोसिस्टम का निर्माण

एस. कृष्णन

ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक राष्ट्रीय ढाँचा स्थापित करने की दिशा में भारत की पहल अवसर और जोखिम के संगम से उत्पन्न हुई है। बीते एक दशक में डिजिटल गेमिंग का तेजी से विस्तार हुआ है, जिसे बड़े पैमाने पर स्मार्टफोन अपनाने, किफायती इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीक का उपयोग करने और उस पर निर्भर रहने वाली युवा आबादी का समर्थन मिला है। इस विकास ने नवाचार, कौशल विकास, रचनात्मक उद्योगों और रोजगार सृजन के लिए सार्थक अवसरों का सृजन किया है । मनोविनोद के लिए गेमिंग और संगठित प्रतिस्पर्धी प्रारूपों ने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता भी प्रदर्शित की है।

इन अवसरों के साथ-साथ, ऑनलाइन मनी गेमिंग—विशेष रूप से सट्टेबाजी और दांव लगाने वाले (यानी बेटिंग वेजरिंग) प्लेटफॉर्मों के अनियंत्रित विस्तार ने गंभीर सामाजिक और आर्थिक चिंताओं को भी जन्म दिया। ऐसे अनेक सेवा प्रदाता राज्य सीमाओं के पार या विदेशी क्षेत्रों से संचालित होते थे, जो घरेलू सुरक्षा उपायों को नज़रअंदाज़ करते थे और कानूनों को लागू करना कठिन बनाते थे। दबाव बनाने वाले विज्ञापनों और मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करने वाले डिज़ाइन फीचर्स ने कमजोर उपयोगकर्ताओं में लत जैसी प्रवृत्तियों और वित्तीय नुकसान को बढ़ावा दिया। वित्तीय संकट, डिजिटल भुगतान प्रणालियों के दुरुपयोग और अस्पष्ट अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन की रिपोर्ट्स ने धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अस्थिरता से जुड़े जोखिमों को उजागर किया। इन परिस्थितियों ने एक ऐसे राष्ट्रीय ढाँचे की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो व्यक्तियों—विशेषकर युवाओं—की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए गेमिंग इकोसिस्टम के वैध हिस्सों को जिम्मेदारी से विकसित होने में सक्षम बनाए।

ऑनलाइन सोशल गेम्स और ई-स्पोर्ट्स नामक संगठित प्रतिस्पर्धी प्रारूपों जैसे वैध गेमिंग क्षेत्रों की सहायता के लिए एकीकृत संस्थागत ढाँचे का अभाव भी उतना ही महत्वपूर्ण था। डेवलपर्स के पास श्रेणीकरण की ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं थी, जिसका पहले से अनुमान लगाया जा सके और उपयोगकर्ताओं को अक्सर वैध मनोरंजन और अवैध सट्टेबाजी के बीच फर्क समझने में कठिनाई होती थी। अत: इसका उद्देश्य केवल हानिकारक गतिविधियों पर रोक लगाना नहीं, बल्कि एक संतुलित ढाँचा भी स्थापित करना था, जो उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे और जिम्मेदार नवाचार को भी संभव बनाए।

ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन अधिनियम, 2025, (पीआरओजीए) इसी संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसे डेवलपर्स, ई-स्पोर्ट्स संगठनों, कानूनी विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी पेशेवरों और सामाजिक संगठनों के हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद अंतिम रूप दिया गया है। प्राप्त प्रतिक्रियाओं में लगातार पारदर्शी श्रेणीकरण, पूर्वानुमेय अनुपालन दायित्वों और वैध प्रारूपों के लिए व्यवस्थित व सरल मान्यता प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हितधारकों ने अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई मजबूत करते हुए वैध मनोरंजक और प्रतिस्पर्धी गेमिंग को बढ़ावा देने का समर्थन किया।

संचालन स्तर पर, यह ढाँचा परस्पर संबद्ध तीन चरणों—अवधारण, मान्यता और पंजीकरण—पर आधारित एक व्यवस्थित श्रृंखला प्रस्तुत करता है। ये चरण क्रमिक रूप से कार्य करते हैं और इन्हें पीआरओजीए तथा उसके नियमों में दी गई वैधानिक परिभाषाओं के साथ समझना आवश्यक है।

अवधारण एक नियामक प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है, जिसके माध्यम से किसी भी गेम की जांच और उसका श्रेणीकरण किया जाता है। यह प्रत्येक ऑनलाइन गेम के लिए अनिवार्य नहीं है, बल्कि केवल सीमित और निर्धारित परिस्थितियों में ही आवश्यक होता है। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि ई-स्पोर्ट्स की मान्यता से पहले अवधारण अनिवार्य होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धी प्रारूप वैधानिक सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं और सट्टेबाजी के तत्वों से मुक्त रहते हैं। इसके अलावा, अवधारण आमतौर पर उन स्थितियों में आवश्यक होता है, जब किसी गेम के ऑनलाइन मनी गेमिंग की परिभाषा के दायरे में आने की आशंका हो, जब अधिसूचित ऑनलाइन सोशल गेम्स की श्रेणियों के लिए श्रेणीकरण जरूरी हो, जब शिकायतों या खुफिया सूचनाओं से प्रतिबंधित गतिविधियों को सक्षम करने वाले संभावित वित्तीय तत्वों का संकेत मिले, या जब भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण (ओजीएआई) जनहित में जांच का निर्देश दे। अवधारण प्रारंभिक श्रेणीकरण को संभव बनाकर, अवैध वित्तीय मॉडलों को गेमिंग इकोसिस्टम में प्रवेश करने से रोकता है, जबकि वैध प्रारूपों को नियामक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देता है।

अवधारण के बाद, पात्र प्रारूपों को मान्यता दी जा सकती है। ई-स्पोर्ट्स की मान्यता राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 के अंतर्गत विनियमित होती है, जिसमें संगठित मल्टीप्लेयर गेमप्ले, पूर्व-निर्धारित प्रतिस्पर्धात्मक नियम और परिणाम केवल मानसिक कौशल, शारीरिक दक्षता या रणनीतिक निर्णय लेने जैसे कारकों पर आधारित होना आवश्यक है। प्रतिभागिता शुल्क की अनुमति केवल प्रतियोगिता से संबंधित प्रशासनिक खर्चों और प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार संरचनाओं को समर्थन देने के लिए ही दी जा सकती है। हालांकि, किसी भी रूप में सट्टेबाजी या दांव लगाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहता है। मान्यता से पहले अनिवार्य अवधारण यह सुनिश्चित करता है कि मान्यता प्राप्त ई-स्पोर्ट्स प्रारूप सभी वैधानिक सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं।

इसके समानांतर, यह ढाँचा ऑनलाइन सोशल गेम्स के पंजीकरण के लिए एक मार्ग स्थापित करता है, जो वित्तीय सट्टेबाजी के लिए नहीं, बल्कि मुख्यत: मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से बनाए गए होते हैं।





## 9 साल की मासूम के सामने एसीपी ने पार की बेशर्मी की सारी हदें, घिनौनी करतूत जानकर खौल उठेगा खून

मुंबई, (आरएनएस)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से इंसानियत और खाकी वर्दी को शर्मसार कर देने वाली एक बेहद घिनौनी घटना सामने आई है। यहां पुलिस महकमे के एक उच्च अधिकारी यानी असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस रैंक के अफसर ने एक 9 साल की मासूम बच्ची के सामने ऐसी अश्लील हरकत की है, जिसे सुनकर किसी का भी सिर शर्म से झुक जाए। इस शर्मनाक वारदात के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

**वर्ली के गार्डन में दिया खौफनाक वारदात को अंजाम**

हैरान कर देने वाला यह मामला मुंबई के वर्ली इलाके से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक, बीते 23 अप्रैल को वर्ली स्थित एक गार्डन में यह 9 वर्षीय बच्ची मौजूद थी। इसी दौरान वहां पहुंचे एसीपी रैंक के इस अधिकारी ने अपनी मर्यादाओं और पद की गरिमा को तार-तार करते हुए बच्ची के सामने अश्लीलता की हदें पार कर दीं और उसे अपने प्राइवेट पार्ट्स दिखाए। इस हरकत की शिकायत जैसे ही पुलिस तक पहुंची, उन्होंने बिना कोई देरी किए अपने ही विभाग के इस अधिकारी को धर दबोचा।

**पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज, जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा अफसर**

इस बेहद संवेदनशील मामले की पुष्टि करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस सूत्र ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद आरोपी अफसर को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और बच्चों के यौन अपराधों से सुरक्षा एक्ट जैसी बेहद सख्त और गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस अधिकारी के खिलाफ अब तक सिर्फ एक ही शिकायत प्राप्त हुई है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की गहन जांच लगातार जारी है।

## भाजपा में शामिल हुए संदीप पाठक पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार, पंजाब में 2 एफआईआर दर्ज

चंडीगढ़ (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी से भाजपा में विलय करने के बाद राज्यसभा सांसदों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पंजाब में इन सांसदों के खिलाफ लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। राघव चड्ढा के साथ भाजपा में जाने वाले सांसद संदीप पाठक के खिलाफ भी पंजाब सरकार एक्शन में है। उनके खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें गैर-जमानती धाराओं को भी शामिल किया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई आप से भाजपा में जाते ही शुरू हो गई थी। सूत्रों के अनुसार, ये एफआईआर पंजाब के दो जिलों में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के मामलों में दर्ज की गई हैं। अब उनपर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस की एक टीम संदीप पाठक के नई दिल्ली स्थित आवास पर भी पहुंची थी, लेकिन अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही वह घर से निकल गए। इससे पहले पंजाब से राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता की ट्राइडेंट ग्रुप की फैक्ट्री पर पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की रेड हुई थी। इस दौरान प्लांट और आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से चेकिंग की गई थी। संदीप पाठक को आप के प्रमुख रणनीतिकारों में गिना जाता था। पंजाब में पार्टी की सरकार बनने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। बीते 24 अप्रैल आप सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी।

# मिशन पंजाब: शाह संभालेंगे कमान, ड्रग्स के खिलाफ भाजपा छेड़ेगी बड़ा अभियान



चंडीगढ़ (ए.)। पश्चिम बंगाल के मैराथन चुनावी अभियान के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब की राजनीति पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने मिशन पंजाब का खाका तैयार किया है, जिसके तहत अमित शाह अब चुनाव होने तक हर महीने राज्य का दौरा करेंगे। इस बार भाजपा की चुनावी रणनीति के केंद्र में ड्रग्स का मुद्दा रहने वाला है। बताया जा रहा है कि मई महीने से ही पंजाब में नशे के खिलाफ एक व्यापक अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसकी कमान स्वयं अमित शाह संभालेंगे।

इस अभियान के अंतर्गत पूरे राज्य में जागरूकता यात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें समय-समय पर केंद्र और राज्य स्तर के दिग्गज नेता भी शिरकत करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में सत्ता में होने के कारण भाजपा वहां मजबूत स्थिति में है, लेकिन पंजाब में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए उसे एक बड़े और प्रभावी मुद्दे की तलाश थी। ऐसे में ड्रग्स के खिलाफ यह मुहिम चुनावी बिसात पर एक अहम चाल मानी जा रही है। भाजपा नेताओं का दावा है कि यह अभियान केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पंजाब के युवाओं को बचाने और सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शाह के नेतृत्व में तैयार होने वाला यह नशामुक्त पंजाब रोडमैप राज्य की सियासत में नई हलचल पैदा करने वाला साबित होगा। आने वाले समय में ड्रग्स, कानून-व्यवस्था और विकास जैसे मुद्दों पर राज्य का राजनीतिक पारा और अधिक चढ़ना तय माना जा रहा है।



हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

## क्रूज में धीरे-धीरे भरता रहा पानी, मदद के लिए चिल्लाते रहे लोग; जबलपुर हादसे का एक और वीडियो आया सामने

जबलपुर (आरएनएस)। जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे को लेकर लगातार नए खुलासे सामने आ रहे हैं। इसी बीच एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसने सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि क्रूज में बैठे यात्री शुरुआत में सामान्य स्थिति में थे, लेकिन अचानक तेज़ी से पानी अंदर घुसने लगता है। कुछ ही पलों में माहौल अफरा-तफरी में बदल जाता है—बच्चे रोने लगते हैं और यात्री जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि क्रूज स्टाफ ने लाइफ जैकेट तब निकालनी शुरू की, जब नाव डूबने लगी थी। कई यात्री बिना लाइफ जैकेट के नजर आए, जबकि कुछ खुद स्टोरेज खोलकर उन्हें ढूंढ़ते दिखे। इनलैंड वेसल्स एक्ट 2021 के तहत हर यात्री को यात्रा शुरू होने से पहले लाइफ जैकेट देना और पहनाना अनिवार्य है, लेकिन इस नियम का पालन नहीं किया गया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि क्रूज के लिए 29 टिकट जारी किए गए थे, जबकि उसमें 40 से अधिक लोग सवार थे। हैरानी की बात यह है कि मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की आंधी की चेतावनी के बावजूद क्रूज को पानी में उतारा गया।

# 50 प्रतिशत से अधिक एलपीजी होती है आयात, वैश्विक कारणों से बढ़ी कमर्शियल एलपीजी की कीमतें : प्रहलाद जोशी

नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपए की बढ़ोतरी पर शनिवार को कहा कि यह बढ़ोतरी वैश्विक कारणों से हुई है और भारत की 50 प्रतिशत से अधिक एलपीजी की निर्भरता आयात पर है। पत्रकारों से बात करते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा, यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है और हमारी 50 प्रतिशत से अधिक एलपीजी की निर्भरता आयात पर है और इसी वजह से फिलहाल हम मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद सरकार ने मुख्य ईंधनों की कीमतों में स्थिरता बनाए रखी है और बताया कि केंद्र सरकार ने अब तक घरेलू एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और पाइप वाली प्राकृतिक गैस की दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतें वैसी ही रखी हैं, और यहां तक कि एलएनजी (पाइप वाली प्राकृतिक गैस) की कीमतें भी वैसी ही हैं लेकिन यह एक ऐसी चीज है जिसे टाला नहीं जा सकता था, इसलिए ऐसा हुआ।

कमर्शियल एलपीजी (19 किलोग्राम का सिलेंडर) की कीमत में औसतन 993 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 3,071.50 रुपए हो गई है, जो पहले 2,078.50 रुपए थी। मुंबई में, कीमतें 2,031 रुपए से बढ़कर 3,024 रुपए हो गई हैं। 28 फरवरी के बाद से कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है, जब ईरान संघर्ष बढ़ गया था। पहली बढ़ोतरी



मार्च में की गई थी, जिसमें 144 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद 1 अप्रैल को लगभग 200 रुपए की एक और बढ़ोतरी की गई।



भाजपा गुजरात प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने अहमदाबाद में केंद्रीय मंत्री जे.पी.नड्डा से मुलाकात की.

# जनता का विश्वास आज भी आप के साथ, 2027 में बड़ा जनादेश मिलेगा : मान

चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य विधानसभा में अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करते हुए विश्वास प्रस्ताव सर्वसम्मति पारित हो गया। इसके साथ ही श्री मान ने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें विफल हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनादेश जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है और आम आदमी पार्टी को वर्ष 2027 में इससे भी बड़ा समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी खून-पसीने से खड़ी की गई है और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मजबूती से खड़ी है।

विधानसभा कार्यवाही के दौरान कुल 88 आप विधायक सदन में उपस्थित रहे, जबकि दो विधायक विदेश में, दो जेल में और दो अस्पताल में भर्ती बताए गए। विश्वास प्रस्ताव सदन में सर्वसम्मति से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को अस्थिर करने के लिए झूठा प्रचार किया जा रहा है लेकिन पंजाब की जनता मजबूती से सरकार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को जनता कोई महत्व नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह बिखरा हुआ है और उसके नेता आपस में सत्ता के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने किसी का नाम ने लेते हुए तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के नेता और उनके भाई एक ही घर में रहते हैं लेकिन अलग-अलग दलों के झंडे लगे हैं, जबकि आम आदमी पार्टी पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस बात को पचा नहीं पा रहा कि जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार अधिनियम 2026 पारित हो चुका है, जिससे उनकी विभाजनकारी



राजनीति खत्म होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी गुजरात से लेकर पूरे देश में फैल चुकी है। जम्मू से गोवा तक पार्टी की मौजूदगी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों की नींद उड़ाए हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के विपरीत आम आदमी पार्टी को तोड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि यह राजनीतिक व्यवस्था को साफ करने के उद्देश्य से बनी है। कुछ अवसरवादी नेताओं के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

श्री मान ने कहा कि देश कठिन दौर से गुजर रहा है, जहां लोकतांत्रिक मर्यादाएं खतरे में हैं और संविधान की भावना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान है।

## मान सरकार ने राज्य में 15 प्रतिशत बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी, मजदूर दिवस पर श्रमिकों को मिला बड़ा तोहफा

चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब विधानसभा ने मई दिवस के अवसर पर शुक्रवार को 13 साल बाद न्यूनतम मजदूरी में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। सरकारी और प्राइवेट सेक्टर के सभी रजिस्टर्ड श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बढ़ोतरी को श्रमिक वर्ग के योगदान के प्रति सम्मान बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की बेस दर (मूल दर) आखिरी बार 2012 में संशोधित की गई थी। हालांकि, साल 2012 से अब तक महंगाई भत्ता बढ़ता रहा है, लेकिन न्यूनतम मजदूरी की बेस दर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन एक्ट 2026 लागू हो गया है। इस कानून के बनने के बाद अब वे 6 मई से श्री आनंदपुर साहिब से शुक्राना यात्रा शुरू करेंगे, जो 9 मई तक चलेगी।

इस यात्रा के दौरान तख्त श्री केसगढ़ साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब, दमदमा साहिब, मस्तुआणा साहिब, गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब और श्री फतेहगढ़ साहिब में माथा टेककर शुक्राना किया जाएगा।

## बेटी पर बुरी नजर से तंग आई मां, लिव-इन पार्टनर की उसी के तमंचे से गोली मारकर हत्या, जंगल में मिली लाश

बिजनौर, (आरएनएस)। बिजनौर में एक सनसनीखेज हत्या का खुलासा हुआ है, जहां एक महिला ने अपने लिव-इन पार्टनर की उसी के तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार महिला ने पूछताछ में बताया कि आरोपी उसे लगातार प्रताड़ित करता था और उसकी नौ साल की बेटी पर भी गलत नजर रखता था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। नगीना देहात थाना क्षेत्र के जुलाहापुर गांव के जंगल में 28 अप्रैल को अनुज (25) पुत्र विनय का शव मिला था। उसके सिर में गोली लगी हुई थी। इस मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने शोभा और उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था और जांच शुरू की थी।पुलिस पूछताछ में शोभा ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में किरतपुर थाना क्षेत्र के भनेड़ा गांव निवासी सत्येंद्र से हुई थी और उसकी नौ साल की एक बेटी है।

## पंजाब विधानसभा में पंजाब जेल एवं सुधार सेवाएं बिल, 2026 सर्वसम्मति से पारित

चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र दौरान 'पंजाब जेल एवं सुधार सेवाएं बिल, 2026' को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया जिसका उद्देश्य जेल प्रशासन प्रणाली को आधुनिक बनाना और इसे आधुनिक सुधारात्मक प्रथाओं के अनुरूप ढालना है।

विधेयक पेश करते हुए मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य जेलों को केवल हिरासत केंद्रों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें सुधार, पुनर्वास और सामाजिक पुन:एकीकरण के केंद्रों में परिवर्तित करना है। उन्होंने जोर दिया कि वर्तमान कानूनी ढांचा, जो औपनिवेशिक काल के कानूनों पर आधारित है, अब पुराना हो चुका है और वर्तमान चुनौतियों से निपटने में अपर्याप्त है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नया विधेयक कैदियों की सुरक्षित हिरासत सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित व्यापक ढांचा प्रदान करेगा, जो कैदियों की गरिमा और उनके मूल अधिकारों की रक्षा करेगा। यह सुधारात्मक सेवाओं पर विशेष जोर देता है, जिसमें शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और मनोवैज्ञानिक परामर्श शामिल हैं, ताकि कैदियों को कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में समाज में पुन: स्थापित किया जा सके। डॉ. सिंह ने बताया कि बिल में आयु, लिंग, आपराधिक पृष्ठभूमि और जोखिम मूल्यांकन जैसे कारकों के आधार पर कैदियों के वर्गीकरण की एक मजबूत प्रणाली प्रस्तावित की गयी है। संवेदनशील वर्गों, जैसे महिला कैदी, ट्रांसजेंडर कैदी, बुजुर्ग कैदी और दिव्यांग कैदी, के लिए विशेष प्रावधान शामिल किये गये हैं, जिससे उनकी सुरक्षा, गरिमा और कल्याण सुनिश्चित हो सके।

# सीबीआई की बड़ी कामयाबी, बैंकिंग धोखाधड़ी में भगोड़ा आरोपी कमलेश पारेख यूएई से भारत लाया गया



नई दिल्ली, (आरएनएस)। बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में आरोपी भगोड़े कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत लाया गया है। 1 मई को उसे भारत लाया गया। दिल्ली पहुंचते ही सीबीआई ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने यह कार्रवाई विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर की। कमलेश पारेख के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था, जिसके आधार पर उसे यूएई में ढूंढ निकाला गया। भारत के अनुरोध पर वहां की एजेंसियों ने उसे हिरासत में लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने और भारत और यूएई के बीच समन्वय के बाद उसे भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया। कमलेश पारेख पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप है। इस मामले में देश के कई बैंकों के समूह को, जिसकी अगुवाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) कर रहा था, सैकड़ों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। जांच में सामने आया कि पारेख ने अन्य प्रमोटरों और निदेशकों के साथ मिलकर बैंक के फंड को विदेशों में फैली कंपनियों के जरिए डायवर्ट किया।बताया गया है कि उसने यूएई समेत अन्य देशों में अपनी कारोबारी गतिविधियों और निर्यात से जुड़े कामकाज के जरिए फर्जी तरीके अपनाए। इसमें वित्तीय लेन-देन में हेरफेर और बैंकिंग चैनलों का गलत इस्तेमाल शामिल था। सीबीआई (जो भारत में इंटरपोल के लिए नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के रूप में काम करती है) भारतपोल प्लेटफॉर्म के जरिए देश की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करती है। इसी सहयोग के चलते पिछले कुछ वर्षों में इंटरपोल चैनलों के माध्यम से 150 से ज्यादा वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया जा चुका है।इस ताजा कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एजेंसियों के बीच मजबूत सहयोग का एक और उदाहरण माना जा रहा है।

## मुंबई में हिट-एंड-रन : टेंपों ने तीन मजदूरों को कुचला, ड्राइवर फरार

मुंबई, (आरएनएस)। मुंबई के पवई इलाके से एक दर्दनाक हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार टेंपों ने सड़क के किनारे काम कर रहे कई मजदूरों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस घटना में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। सभी घायलों को एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मोरारजी नगर में हुई, जहां मुंबई नगर निगम की ओर से नियुक्त एक ठेकेदार ने सीवर सफाई के काम के लिए मजदूरों की एक टीम तैनात की थी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि जब मजदूर सफाई के काम में लगे हुए थे, तभी एक तेज रफ्तार टेंपों ने उन्हें टक्कर मार दी। ड्राइवर घायल लोगों की कोई मदद किए बिना तुरंत मौके से भाग गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पवई पुलिस ने एक अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही, आरोपी का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस मामले के संबंध में ठेकेदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और घटनास्थल पर सुरक्षा नियमों में लापरवाही की जांच चल रही है।

इससे पहले, शुक्रवार को एक अलग घटना में ठाणे के माजीवाड़ा जंक्शन के पास हिट-एंड-रन दुर्घटना में एक महिला की जान चली गई। पीड़ित महिला पास के एक रिहायशी कॉम्प्लेक्स में काम करती थी। मुंब्रा स्थित अपने घर लौटते समय व्यस्त वह मुंबई-नासिक हाईवे को पार करने की कोशिश कर रही थी।

## नीतू चंद्रा तलाश रहीं अच्छी फिल्में, हॉलीवुड तक के सफर पर बोलीं- काम पर ध्यान, एयरपोर्ट लुक्स के लिए टाइम नहीं



बिहार की एक सीधी-सादी लड़की से हॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा को अब अच्छी फिल्मों की तलाश है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अच्छी फिल्मों की तलाश में हैं और इसमें समय लगता है। गरम मसाला, ट्रैफिक सिग्नल और ओए लकी! लकी ओए! जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की दूसरी चकाचौंध और अनावश्यक बाहरी दिखावे पर। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए उन्होंने साफ किया, मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, आप यह नहीं समझते कि बिहार से आई एक लड़की को, जो बिल्कुल साधारण बैकग्राउंड से आती है, हॉलीवुड तक पहुंचने में कितना समय लगा होगा।अपने सफर के बारे में नीतू चंद्रा ने कहा, आज मैं फिर उसी जगह खड़ी हूं, जहां मैं आप सबसे दोबारा मिल पा रही हूं। मेरे पास एयरपोर्ट लुक्स के लिए समय नहीं है। मेरे पास अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान देने का समय है। मैं सही काम चुनने में अपना समय लगाती हूं, ताकि मैं दर्शकों के लिए हमेशा कुछ सार्थक ला सकूं।अपनी मुश्किलों के बारे में बात करते हुए नीतू ने कहा, इसमें बहुत समय लगता है। आपको यह समझना होगा कि अकेले खड़े होने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए होती है। एक मिडिल-क्लास जॉइंट फैमिली की लड़की का दुनिया घूमना और यहां तक पहुंचना, अकेले लडऩा आसान नहीं होता।एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में और काम के मामले में उनका मकसद हमेशा साफ रहा है। उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी का मकसद, मेरा लक्ष्य, हमेशा अच्छा काम करते रहना और दर्शकों का प्यार पाते रहना रहा है। मैं इसी प्यार की वजह से यहां हूं।बताते चलें कि नीतू चंद्रा आने वाली फिल्म खलनायक 2 में संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## फिल्म डकैत की ओटीटी रिलीज पर आया अपडेट, 8 मई को प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक

आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत- एक प्रेम कथा ने 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन करने के बाद, फिल्म अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। शेनिल देव द्वारा निर्देशित यह एक एक्शन-रोमांटिक ड्रामा है, जिसे हिंदी और तेलुगु में साथ में फिल्माया गया था। समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल करने वाली यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर घर बैठे दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है।रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म डकैत 8 मई, 2026 को प्राइम वीडियो पर मौजूद हो सकती है। इसे कई भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा जिससे साफ है कि अलग-अलग क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा दर्शक इसका घर बैठकर लुत्फ उठा सकेंगे। खबरें यह भी हैं कि 6 हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद हिंदी संस्करण भी उसी दिन रिलीज होगा। हालांकि फिल्म की डिजिटल रिलीज को लेकर निर्माताओं का आधिकारिक बयान आना बाकी है।यह फिल्म हरि (अदिवि) और सरस्वती उर्फ जूलियट (मृणाल) के बीच प्यार और विश्वासघात की कहानी दर्शाती है। इसकी शुरुआत 2021 से होती है, जब हरि जेल से भागने की कोशिश करता है क्योंकि उसकी प्रेमिका जूलियट उसके खिलाफ गवाही दे देती है।



# तुम्बाड 2 में आलिया भट्ट जमाएंगी रंग, खास किरदार से फैंस को देंगी तोहफा

सोहम शाह की तुम्बाड 2 बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची में शामिल हो चुकी है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म से आधिकारिक पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज पर अपडेट दिया था। अब एक और जानकारी फैंस को उत्साहित कर देगी क्योंकि फिल्म में अभिनेत्री आलिया भट्ट का नाम भी जुड़ गया है। जाहिर है कि सोहम शाह फिल्म्स और पेन स्टूडियोज मिलकर तुम्बाड 2 का बड़े पैमाने पर निर्माण कर रहे हैं। वहीं आदेश प्रसाद फिल्म के निर्देशक हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, लोककथाओं पर आधारित इस हॉरर फिल्म में आलिया एक विशेष भूमिका निभाएंगी। सूत्र ने बताया, निर्माताओं को एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी जो कम स्क्रीन टाइम में गंभीरता और रहस्य का भाव ला सके। आलिया इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त थीं। सूत्र ने आगे कहा कि फिल्म में आलिया एक छोटी सी भूमिका निभाएंगी जो कहानी के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगी। यही नहीं फिल्म का रोमांच भी बढ़ जाएगा।

तुम्बाड 2 की शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है। जल्द ही अभिनेत्री शूटिंग के लिए परियोजना में शामिल होंगी। इस बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। खबरों की मानें, तो मुख्य अभिनेत्री के लिए प्रियंका चोपड़ा, नयनतारा और कैटरीना कैफ के नाम सबसे ऊपर हैं। बता दें, इस परियोजना की पहली किस्त तुम्बाड 2018 में आई थी। इसे 2024 में दोबारा रिलीज किया गया था, जिसकी सफलता को देखते हुए निर्माताओं ने सीक्वल का ऐलान किया।



## अनुपम खेर ने किया नई फिल्म का ऐलान, शीर्षक के साथ दिखाई पहली झलक



दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर पिछले काफी समय से खोसला की घोसला 2 में व्यस्त चल रहे थे। कुछ दिन पहले इसकी रिलीज तारीख का ऐलान हुआ था कि फिल्म 28 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इस बीच, अनुपम ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा करते हुए बताया है कि यह उनकी 551वीं फिल्म होगी। साथ में फिल्म का शीर्षक और पहली झलक भी फैंस को दिखाई है।उन्होंने फिल्म का शीर्षक बताते हुए लिखा, फिलकर! फिल्म नंबर 551। और फिर भी... ऐसा लगता है जैसे मैं फिर से पहला कदम उठा रही हूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद को चुनौती नहीं देते... तो आप धीरे-धीरे खुद को दोहराने लगते हैं। इसलिए मैंने कठिन रास्ता चुना। खुद को फिर से गढ़ने के लिए... न सिर्फ अपने अंदर के अभिनेता को... बल्कि उस इंसान को भी जो मैं बन रहा हूं।अनुपम ने आगे लिखा, कहानी... फिलहाल... एक रहस्य रहेगी।

## स्टूडेंट्स के सपनों और संघर्षों से रुबरु कराएगी वेब सीरीज एग्जाम, अमेजन प्राइम वीडियो पर 15 मई होगी रिलीज




आज के समय में प्रतियोगी परीक्षाएं सिर्फ पढ़ाई तक नहीं, बल्कि युवाओं के संघर्ष और भविष्य की उम्मीदों से भी जुड़ चुकी हैं. लाखों स्टूडेंट अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन इस बीच उन्हें तनाव, डर और समाज की उम्मीदों का भारी बोझ भी उठाना पड़ता है. अब इसी संवेदनशील विषय को लेकर एक नई तमिल वेब सीरीज एग्जाम दर्शकों के सामने आने वाली है.

एग्जाम वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर 15 मई से स्ट्रीम होने वाली है और इसके सात एपिसोड्स हैं, जो सस्पेंस, इमोशन और तनाव से भरपूर हैं. सीरीज की कहानी उन संघर्षों और मुश्किल फैसलों को भी दिखाएगी, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव लोगों की जिंदगी पर गहरा असर डालता है. साथ ही जब इंसान पर उम्मीदों और सफलता का बोझ बढ़ जाता है, तब वो किन मानसिक और भावनात्मक परिस्थितियों से गुजरता है.

प्राइम वीडियो इंडिया के ओरिजिनल विभाग के प्रमुख निखिल मधोक ने इस सीरीज को लेकर कहा, एग्जाम आज के दौर की जरूरी और सच्चाई दिखाने वाली कहानी है. ये सीरीज प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान होने वाले भावनात्मक तनाव को प्रभावशाली तरीके से दिखाती है. ये सिर्फ एक सस्पेंस कहानी नहीं है, बल्कि यह उन लाखों युवाओं की भावनाओं को सामने लाती है जो हर दिन अपने सपनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं. मुझे भरोसा है कि यह कहानी दुनियाभर के दर्शकों को गहराई से प्रभावित करेगी.

बता दें कि इस सीरीज को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ए. सरकुनम ने लिखा और निर्देशित किया है. वहीं इस सीरीज में अभिनेत्री दुशारा विजयन, अभिनेता अब्बास और अदिति बालन लीड रोल में नजर आयेंगे. इस सीरीज को तमिल के साथ-साथ तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा और अंग्रेजी समेत 15 भाषाओं में सब टाइटल भी दिए जाएंगे, ताकि अलग-अलग भाषाओं के दर्शक इस कहानी से जुड़ सकें.

## अनन्या पांडे-लक्ष्य की फिल्म चांद मेरा दिल के टाइटल ट्रैक ने स्पॉटिफाई पर जमाया कब्जा

अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की फिल्म चांद मेरा दिल ने रिलीज से पहले एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 14 अप्रैल को फिल्म के निर्माता धर्मा प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक जारी किया था, जिसे फहीम अब्दुल्ला ने अपनी आवाज दी है, जबकि संगीत सचिन-जिगर का है। वीडियो में अनन्या और लक्ष्य की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया जा रहा है। इसी लोकप्रियता की बदौलत इस टाइटल ट्रैक ने स्पॉटिफाई इंडिया में अपनी धाक जमा ली है। संगीत एल्बम चांद मेरा दिल लगातार लोगों का दिल जीतते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह गाना स्पॉटिफाई इंडिया के टॉप 50 में शामिल हो गया है। यह खासकर युवाओं के बीच और आने वाले समय में और भी हिट गानों के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर रहा है।





## राजा शिवाजी में सलमान खान का दमदार लुक, मूछों और पगड़ी में देख उछले दर्शन

रितेश देशमुख की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता ने खुलासा किया था कि इसमें सलमान खान का एक कैमियो होगा। तब से फैंस इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित थे। अब जब फिल्म रिलीज हो चुकी है, तो सोशल मीडिया पर सलमान की पहली झलक वायरल हो गई है। फिल्म में अभिनेता को देखकर दर्शक खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में, सलमान का लुक बेहद प्रभावशाली और दमदार नजर आ रहा है। उन्होंने भगवा रंग के कपड़े पहने हैं। माथे पर लंबा तिलक, सिर पर पगड़ी और मूछों में उनका अंदाज देखने लायक है। खबरों के मुताबिक, फिल्म में सलमान ने जिवा महाला का किरदार निभाया है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के अत्यंत वफादार अंगरक्षक और मराठा सेना के वीर सैनिक थे। बताया जाता है कि राजा शिवाजी में उन्होंने छोटा सा कैमियो किया था।सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं देखकर तो यही लगता है कि सलमान ने कैमियो से पूरी लाइमलाइट चुरा ली है। एक यूजर ने लिखा, राजा शिवाजी में सलमान खान की कैमियो भूमिका में उनकी उपस्थिति बहुत प्रभावशाली है...

## भूत बंगला का किला 14वें दिन डगमगाया, 150 करोड़ रुपये कमाने से इतनी दूर फिल्म

अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला अपने दूसरे हफ्ते में पहुंचकर डगमगाने लगी है। आगे का रास्ता और भी मुश्किल होने वाला है, क्योंकि धनुष की फिल्म कारा ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। हालांकि ध्रुव सरजा की फिल्म केडी- द डेविल का जोर अक्षय की फिल्म के आगे नहीं चला। उधर माइकल जैक्सन की बायोपिक फिल्म माइकल भी पहले हफ्ते में गिरावट का मुंह देख रही है। चलिए इन सभी फिल्मों की कमाई पर एक नजर डालते हैं।सैकनिल्क के मुताबिक, भूत बंगला ने दूसरे हफ्ते में 14वें दिन 3.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं 13वें दिन इसने 3.40 करोड़ रुपये कमाए थे। इस तरह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अब तक सिर्फ 1,28.15 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर पाई है। यह 150 करोड़ के क्लब में जगह बनाने से काफी दूर है। हालांकि धनुष की फिल्म कारा ने पहले दिन 5.75 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला है।

## फ्रिज की सफाई करना है आसान, बस अपनाएं ये 5 तरीके



फ्रिज की सफाई करना एक जरूरी काम है, लेकिन कई लोग इसे टालते रहते हैं। इस काम को आसान और प्रभावी बनाने के लिए कुछ सरल तरीके अपनाए जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने फ्रिज को साफ-सुथरा और ताजा रख सकते हैं। इन सुझावों की मदद से आप न केवल अपने फ्रिज को साफ रख पाएंगे, बल्कि उसकी उम्र भी बढ़ा सकते हैं।

### बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

फ्रिज की गंध दूर करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए एक छोटी चम्मच बेकिंग सोडा को फ्रिज के किसी कोने में रख दें। यह गंध को सोख लेगा और आपके फ्रिज को ताजा बनाए रखेगा। अगर आपके फ्रिज में कोई दाग या चिपचिपाहट हो तो आप बेकिंग सोडा और पानी का घोल बनाकर उसे उस जगह पर लगाएं, फिर एक घंटे बाद साफ कर दें। इससे दाग हट जाएंगे।

### सिरका आएगा काम

फ्रिज की गंदगी साफ करने के लिए सिरका एक अच्छा उपाय हो सकता है। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाकर उसका छिड़काव पूरे फ्रिज पर करें, फिर कुछ देर के लिए छोड़ दें ताकि वह अच्छे से काम करे। इसके बाद एक साफ कपड़े से पूरे फ्रिज को पोंछ दें। यह न केवल गंदगी हटाएगा बल्कि कीटाणु भी खत्म करेगा और आपके फ्रिज को चमकदार बनाए रखेगा।

### नींबू भी है प्रभावी

नींबू का रस भी फ्रिज की सफाई के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। इसके लिए एक कपड़े पर नींबू का रस डालकर पूरे फ्रिज को पोंछ लें। इससे न केवल फ्रिज साफ होगा बल्कि उसमें एक ताजगी भरी खुशबू भी आएगी। अगर आपके फ्रिज की किसी हिस्से में दाग लगे हों तो नींबू के छिलके से रगड़ें, इससे दाग आसानी से हट जाएंगे और फ्रिज की अंदरूनी सफाई भी हो जाएगी।

### गर्म पानी का करें इस्तेमाल

गर्म पानी का इस्तेमाल करके भी आप अपने फ्रिज को साफ-सुथरा रख सकते हैं। इसके लिए एक बाल्टी गर्म पानी लें और उसमें थोड़ा सा साबुन मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्पंज पर लेकर पूरे फ्रिज को साफ करें। इससे सभी प्रकार की गंदगी और चिपचिपाहट आसानी से हट जाएगी। अंत में एक सूखे कपड़े से पूरे फ्रिज को पोंछ लें ताकि कोई भी पानी बचा न रहे। यह तरीका आपके फ्रिज को नया जैसा बना देगा।

### नियमित रूप से करें जांच

फ्रिज की सफाई करते समय उसमें रखे खाने-पीने की चीजों की स्थिति जांचना भी जरूरी है। खराब हो चुके खाने-पीने की चीजों को तुरंत निकाल दें ताकि फ्रिज में बदबू न फैले। इस तरह इन सरल तरीकों की मदद से आप अपने फ्रिज को साफ-सुथरा और ताजा रख सकते हैं। नियमित सफाई न केवल आपके फ्रिज की उम्र बढ़ाएगी बल्कि आपके भोजन को भी सुरक्षित रखेगा।

# महिलाओं में कोलेजन की कमी की चेतावनी देते हैं ये 5 शुरुआती संकेत, न करें नजरअंदाज

कोलेजन एक ऐसा प्रोटीन है, जो हमारे शरीर में त्वचा, बाल, नाखून और हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं के शरीर में कोलेजन की मात्रा कम होने लगती है, जिससे त्वचा में झुर्रियां, बालों का झड़ना और नाखूनों के कमजोर होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको कोलेजन की कमी के 5 ऐसे संकेत बताते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए।

### चेहरे पर झुर्रियां होना

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, महिलाओं के चेहरे पर झुर्रियां आना आम बात है। हालांकि, अगर आपको 30 की उम्र से पहले ही झुर्रियां दिखाई देने लगें तो यह कोलेजन की कमी का संकेत हो सकता है। कोलेजन की कमी के कारण त्वचा में लचीलापन कम हो जाता है, जिससे झुर्रियां जल्दी दिखने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी त्वचा की देखभाल पर ध्यान दें और कोलेजन वाले उत्पादों का उपयोग करें।

### त्वचा का ढीला होना

अगर आपकी त्वचा पहले से ढीली होने लगी है तो यह भी कोलेजन की कमी का एक संकेत हो सकता है। कोलेजन की कमी होने पर त्वचा का आधार कमजोर हो जाता है, जिससे वह ढीली और सुस्त दिखने लगती है। इस समस्या से बचने के लिए नियमित रूप से अपनी त्वचा की सफाई करें और नमी देने वाले उत्पाद का उपयोग करें। इसके अलावा हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पिएं और पौष्टिक आहार लें।



### आंखों के नीचे काले घेरे होना

आंखों के नीचे काले घेरे होना भी कोलेजन की कमी का एक आम संकेत है। यह समस्या नींद की कमी, तनाव या उम्र बढ़ने के कारण हो सकती है। हालांकि, अगर आप इन कारणों से प्रभावित नहीं हैं तो यह कोलेजन की कमी का संकेत हो सकता है। इस समस्या से बचने के लिए पर्याप्त नींद लें, तनाव कम करें और आंखों की देखभाल के लिए खास ध्यान दें। ज्यादा परेशानी होने पर विशेषज्ञ से मिलें।

### बालों का पतला होना

अगर आपके बाल तेजी से पतले हो रहे हैं तो यह भी कोलेजन की कमी का एक अहम संकेत हो सकता है। कोलेजन न होने पर बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं, जिससे उनका घनत्व कम हो जाता है और वे पतले दिखने लगते हैं। इस समस्या से बचने के लिए बालों की देखभाल पर खास ध्यान दें और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें, ताकि आपके बाल स्वस्थ रहें और टूटें नहीं।

### नाखूनों का कमजोर होना

अगर आपके नाखून कमजोर होकर टूटने लगते हैं तो यह भी कोलेजन की कमी का एक अहम संकेत हो सकता है। कोलेजन न होने पर नाखून कमजोर होकर टूटने लगते हैं, जिससे उनका आकार बिगड़ जाता है और वे सुंदर नहीं दिखते। इस समस्या से बचने के लिए नियमित रूप से नाखूनों की सफाई करें और उन्हें नमी दें। इसके अलावा हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पिएं और पौष्टिक आहार लें।

# डोनाल्ड ट्रंप ने ठुकराया ईरान का युद्धविराम प्रस्ताव, बोले- पागलों को परमाणु बम नहीं दे सकते



वाशिंगटन, (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान का नया युद्धविराम प्रस्ताव खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसी रियायतें मांग रहा है, जिन्हें वह स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन मैं इससे संतुष्ट नहीं हूं। दरअसल, ईरान ने 30 अप्रैल की शाम को पाकिस्तान को युद्धविराम वार्ता से जुड़ा नया प्रस्ताव सौंपा था। हालांकि, इसमें क्या शर्तें थीं, उसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

ट्रंप ने कहा, ईरान के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई ने मध्य पूर्व को एक ऐसे ईरान से बचा लिया, जो परमाणु हथियारों से लैस होकर कभी भी हमला कर सकता था। हमने ईरान को बी2 बमवर्षकों विमानों से रोका। अगर हमने ऐसा नहीं किया होता, तो उनके पास परमाणु हथियार होते। इजरायल, मध्य पूर्व और यूरोप के टुकड़े-टुकड़े हो गए होते। हम जल्दी नहीं निकलेंगे ताकि 3 साल बाद फिर यही समस्या खड़ी हो जाए।

ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास अब 2 ही विकल्प बचे हैं: या तो वह बातचीत करके अंतिम समझौते पर पहुंचे या फिर अमेरिका तेहरान के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू कर दे जो उसे पूरी तरह से तबाह कर देगा। ट्रंप ने कहा, क्या हम जाकर उन्हें पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहते हैं और उन्हें हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहते हैं? या हम कोई समझौता करने की कोशिश करना चाहते हैं?

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि वे अमेरिका के साथ फिर से बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें धमकी भरी भाषा बंद करनी होगी। उन्होंने कहा, अगर वाशिंगटन अपने अतिवादी रवैये, धमकी भरी बयानबाजी और उकसाने वाली कार्रवाइयों को बदलता है, तो तेहरान कूटनीति के लिए खुला है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं किसी भी खतरे से देश की रक्षा करने के लिए तैयार हैं।

अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने सहयोगियों को करीब 800 अरब रुपये के हथियार सौदों को मंजूरी दी है। इसके तहत, वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरण दिए जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कतर को लगभग 37,000 करोड़ रुपये की पैट्रियट हवाई और मिसाइल रक्षा सहायता और सटीक-निर्देशित हथियार प्रणालियां मिलेंगी। वहीं, कुवैत को लगभग 23,000 करोड़ रुपये की एकीकृत युद्ध कमान प्रणाली दी जाएगी। इजराइल और यूएई को एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम दिया जाएगा।

## अमेरिकी नेवी के तीसरे जहाज में लगी आग, फिर भी ईरान के खिलाफ तैयारी में जुटे ट्रंप



वाशिंगटन,(ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी भीषण सैन्य तनाव के बीच एक नई रहस्यमयी घटना ने दुनिया भर के रक्षा विशेषज्ञों और कूटनीतिज्ञों को चिंता में डाल दिया है। अमेरिका का अत्यंत शक्तिशाली और आधुनिक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर, यूएसएस हिगिंस अचानक आग की चपेट में आ गया है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में तैनात यह युद्धपोत एशियाई समुद्री सीमा में मौजूद था, जब इस पर यह हादसा हुआ। हालांकि, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने अभी तक आग लगने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं किया है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोप को दिया झटका, जर्मनी से 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा अमेरिका

वाशिंगटन, (ए.)। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप में दरार बढ़ती जा रही है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जर्मनी से 5,000 अमेरिकी सैनिकों को निकालने का आदेश दिया है। अगले 6 से 12 महीने में इन सैनिकों को अमेरिका लाया जाएगा। पेंटागन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला यूरोप में सैन्य जरूरतों और हालात की समीक्षा के बाद लिया गया है।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने कहा, यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य तैनाती की गहन समीक्षा और जमीनी स्तर पर मौजूद आवश्यकताओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जर्मनी की हालिया बयानबाजी अनुचित और मददगार नहीं रही है। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति इन विपरीत असर डालने वाली टिप्पणियों पर बिल्कुल सही प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, जर्मनी में तैनात एक ब्रिगेड कॉम्बैट टीम को अमेरिका वापस बुलाने जा रहा है। इसके साथ ही एक लॉन्ग रेंज फायर बटालियन भी जर्मनी में तैनात नहीं की जाएगी। इसे बाइडन प्रशासन ने इस साल के अंत में जर्मनी में तैनात करने की योजना बनाई थी। इस कटौती से यूरोप में अमेरिकी सैनिकों की संख्या 2022 से पहले के स्तर पर वापस आ जाएगी। 2024 में जर्मनी में अमेरिका के 35,000 से ज्यादा सैनिक थे।

हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को नहीं पता है कि वह क्या कह रहे हैं। इससे पहले मर्ज ने कहा था कि ईरानी इस युद्ध में अमेरिका को अपमानित कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा था, मर्ज को लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है! अगर ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो पूरी दुनिया बंधक बन जाती।

## ईरान में भीषण धमाका, रिवोल्यूशनरी गार्ड के 14 जवान मारे गए, युद्ध में बचे बमों में हुए विस्फोट

तेहरान (ए.) ईरानी मीडिया के अनुसार उत्तर-पश्चिमी ईरान में ऑर्डनेंस क्लीयरेंस ऑपरेशन के दौरान हुए एक धमाके में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के 14 सदस्य मारे गए और दो अन्य घायल हो गए.

सूत्रों ने बताया कि यह घटना जांजन प्रांत में हुई जब एक खास क्लीयरेंस मिशन के दौरान अचानक एक बम में धमाका हुआ. ये लोग उस यूनिट का हिस्सा थे जिसे इलाके में बचे हुए बमों को हटाने और बेअसर करने का काम सौंपा गया था, जिसके बारे में स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि इससे आम लोगों और खेती की जमीन को लगातार सुरक्षा का खतरा बना हुआ है.सूत्रों ने कहा कि बिना फटे बमों की मौजूदगी के कारण इलाके में लगभग 1,200 हेक्टेयर खेती की जमीन खतरे में है.इससे पहले गुरुवार को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ट्रंप प्रशासन दुनिया की ऊर्जा का प्रबंधन करने की रणनीति से विघटन की ओर बढ़ चला है. ईरान अब इसके खिलाफ गठबंधन का केंद्र बन गया है. आईआरजीसी ने कहा कि विघटन प्रोजेक्ट अमेरिका ने चीन, रूस और यूरोप को कंट्रोल करने के लिए शुरू किया था. एक्स पर एक पोस्ट में आईआरजीसी ने कहा, ट्रंप प्रशासन चीन, रूस और यूरोप को कंट्रोल करने के बड़े हिस्से के तौर पर समुद्री ब्लॉकेड शुरू किया लेकिन 20 दिनों के बाद, व्हाइट हाउस में यह आकलन गहरा रहा है कि प्रोजेक्ट फेल हो गया है और तेहरान इसका केंद्र बन गया है.इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (लोकल टाइम) को ईरान के नए प्रस्ताव पर नाराजगी जताई. इसका मकसद चल रहे झगड़े को खत्म करना है, साथ ही इस बात पर भी शक जताया कि क्या कोई आखिरी समझौता हो पाएगा. व्हाइट हाउस में रिपोर्टर्स से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा, वे एक डील करना चाहते हैं, लेकिन मैं इससे खुश नहीं हूँ, इसलिए देखते हैं क्या होता है।

## बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप: चार और बच्चों की मौत, मरने वालों का आंकड़ा 280

ढाका, (ए.)। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने घोषणा की है कि खसरे के लक्षणों के कारण चार और बच्चों की मौत हो गई है. इसके साथ ही 15 मार्च से अब तक मरने वालों की संख्या 280 हो गई है, क्योंकि देश अभी भी इस बीमारी से जूझ रहा है.डीजीएचएस के डेटा का हवाला देते हुए, स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुक्रवार तक 24 घंटे में खसरे के 170 नए संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे कुल संदिग्ध मामलों की



संख्या 38,301 हो गई. डीजीएचएस ने इसी समय में खसरे के 115 नए कन्फर्म मामले दर्ज किए, जिससे कुल कन्फर्म इन्फेक्शन के मामलों की संख्या बढ़कर 5,146 हो गई. 15 मार्च से अब तक हुई कुल मौतों में से 49 कन्फर्म खसरे से हुई मौतें थीं, जबकि 231 मौतें कथित तौर पर संदिग्ध मामलों में हुईं.रिपोर्ट के मुताबिक, नए पहचाने गए 1,170 संदिग्ध मामलों में से 942 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 893 को छुट्टी दे दी गई.पिछले महीने, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बांग्लादेश में चल रहे मीजल्स के प्रकोप को कंट्रोल करने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा था, और चेतावनी दी थी कि बेहतर निगरानी, तेज रिस्पॉन्स सिस्टम और बेहतर वैक्सीनेशन के बिना यह बीमारी फैलने की संभावना है.रिपोर्ट के मुताबिक, डब्ल्यूएचओ ने बांग्लादेशी अधिकारियों को सलाह दी है कि वे सभी नगर पालिकाओं में खसरे वाली वैक्सीन की दोनों डोज का कम से कम 95 प्रतिशत कवरेज पक्का करें, साथ ही सरकारी और प्राइवेट हेल्थकेयर सुविधाओं में संदिग्ध मामलों की जल्दी पहचान करने के लिए मजबूत एकीकृत निगरानी प्रणालियां भी बनाएं.

## इजरायल ने यूएई की सुरक्षा के लिए तैनात की अपनी सबसे उन्नत लेजर रक्षा प्रणाली



तेल अवीव,(ए.)। मध्य पूर्व के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। इजरायल ने ईरान के संभावित मिसाइल और ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अपनी सबसे आधुनिक लेजर-आधारित वायु रक्षा प्रणाली आयरन बीम को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तैनात कर दिया है। साल 2020 में हुए अब्राहम एकॉर्ड्स के बाद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग का यह अब तक का सबसे बड़ा और अभूतपूर्व उदाहरण है। इस कदम की खास बात यह है कि इजरायल ने न केवल अपने अत्याधुनिक हथियार बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए अपने सैन्य कर्मियों को भी पहली बार किसी अरब देश की धरती पर उतारा है।

इजरायल द्वारा यूएई को दिए गए इस सुरक्षा कवच में तीन प्रमुख तकनीकें शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण आयरन बीम है, जो एक हाई-एनर्जी लेजर हथियार है। यह प्रणाली कम दूरी के रॉकेट, आर्टिलरी और ड्रोन्स को महज 4 से 5 सेकंड में लेजर बीम से जलाकर नष्ट कर देती है। इसके साथ ही, दुनिया की सबसे भरोसेमंद रक्षा प्रणाली आयरन डोम और स्पेक्ट्रो सिस्टम भी तैनात किए गए हैं। स्पेक्ट्रो सिस्टम एक उन्नत निगरानी प्रणाली है जो शाहेद जैसे छोटे ईरानी ड्रोन्स को 20 किलोमीटर दूर से ही रडार पर पकड़ने में सक्षम है। इस रक्षा समझौते का सबसे चौंकाने वाला पहलू इजरायली सैनिकों की मौजूदगी है। रिपोर्टों के अनुसार, केवल हथियारों का निर्यात नहीं किया गया है, बल्कि इन प्रणालियों के संचालन के लिए दर्जनों इजरायली सैन्य कर्मी यूएई में मौजूद हैं। यह बड़े पैमाने पर बूट्स ऑन द ग्राउंड की स्थिति है। इसके अतिरिक्त, इजरायल अब पश्चिमी ईरान से होने वाले मिसाइल लॉन्च की रियल-टाइम खुफिया जानकारी भी यूएई के साथ साझा कर रहा है।बताया जा रहा है कि ईरान द्वारा हाल के समय में किए गए भारी मिसाइल और ड्रोन हमलों को देखते हुए इजरायल ने आनन-फानन में अपने वे हथियार भी भेज दिए जो अभी प्रोटोटाइप चरण में थे। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दशकों की कड़वाहट के बाद इजरायल का अपनी सबसे संवेदनशील तकनीक एक अरब देश को देना गहरे भरोसे को दर्शाता है।

# खेल समाचार

## आईसीसी की सालाना टीम रैंकिंग: टेस्ट में भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बरकरार

नईदिल्ली, (ए.)। (आईसीसी) इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सालाना टेस्ट टीम रैंकिंग की घोषणा की है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम को फायदा हुआ है। टेस्ट प्रारूप में भारतीय टीम



तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पहले स्थान पर मौजूद है। बता दें कि पिछले साल भी टेस्ट में कंगारू टीम शीर्ष पर मौजूद थी। आइए पूरी रैंकिंग पर नजर डालते हैं। मई 2025 में घोषित हुई सालाना टीम रैंकिंग में भारतीय टेस्ट टीम चौथे स्थान पर थी। ऐसे में इस साल जारी हुई रैंकिंग में भारत को एक पायदान का फायदा हुआ है। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टेस्ट टीम के अब 104 अंक है। दूसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के अब 109 अंक है। वहीं, अपना दबदबा स्थापित करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के अब 131 अंक है।

टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड चौथे, न्यूजीलैंड पांचवें और पाकिस्तान छठे स्थान पर मौजूद है। पाकिस्तान को पिछले साल की तुलना में एक पायदान का फायदा हुआ है, जबकि इंग्लैंड को एक पायदान का नुकसान हुआ है। इसके बाद अगले 3 स्थानों पर क्रमश: श्रीलंका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की टीमें हैं। आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में आयरलैंड 10वें, जिम्बाब्वे 11वें और अफगानिस्तान 12वें स्थान पर मौजूद है।

सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मैचों को पूरा वेटेज (100 प्रतिशत) दिया जाता है, जबकि पिछले 2 सालों के नतीजों को 50 प्रतिशत वेटेज दिया जाता है।

## एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं मनु



नई दिल्ली (ए.)। ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है। मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।उन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल में वर्ल्ड कप रजत पदक जीता और इस साल भी 25 मीटर पिस्टल में एशियन चैंपियनशिप में रजत हासिल किया। अब उनका लक्ष्य एक बार फिर अपनी पुरानी, शीर्ष स्तरीय लय हासिल करना है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्विवाद मजबूत दावेदार बनाएगी। यह वापसी केवल उनके लिए नहीं, बल्कि भारतीय शूटिंग जगत के लिए भी प्रेरणा का स्रोत होगी।2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन चक्र भी इसी साल से शुरू हो रहा है, और मनु भाकर इस पर भी अपनी पैनी निगाहें जमाए हुए हैं। उनका मानना है कि एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे बड़े आयोजनों में किया गया दमदार प्रदर्शन न केवल उन्हें वर्तमान सत्र में सफलता दिलाएगा, बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करेगा।खेल के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को भी मनु ने साझा किया। उन्होंने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स में शूटिंग की वापसी पर अपनी खुशी व्यक्त की। अपने खेल जीवन के अलावा, मनु ने अपने व्यक्तिगत जीवन में आए एक महत्वपूर्ण बदलाव का भी जिक्र किया।

## लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास, चीनी ताइपे को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में मारी एंट्री

होरासेंस (ए.)। पूर्व चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बनाकर थॉमस और उबर कप फाइनल 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने साल 2022 में 43 वर्षों में पहली बार थॉमस कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले, भारतीय पुरुष टीम 1952, 1955 और 1979 में थॉमस कप के सेमीफाइनल तक पहुंची थी।भारतीय पुरुष टीम अपने ग्रुप में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। शुक्रवार को डेनमार्क के होरसेंस में भारत ने लक्ष्य सेन की जीत के साथ अजेय बढ़त बनाई। लक्ष्य सेन ने चो टिएन चेन को 18-21, 22-20, 21-17 से हराया। पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने 88 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया।पुरुष युगल में, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीनी ताइपे के चियू ह्सियांग चिएह और वांग ची-लिन को शिकस्त दी। उन्होंने तीन गेम के इस मुकाबले को 23-21, 19-21, 21-12 से अपने नाम किया। इसके बाद आयुष शेट्टी ने दूसरे एकल मुकाबले में लिन चुन-यी को हराकर 3-0 की बढ़त सुनिश्चित करते हुए सीधे गेम में 21-16, 21-17 से जीत हासिल की।



## दिल्ली कैपिटल्स ने अपना सबसे बड़ा रन चेज करके राजस्थान रॉयल्स को हराया

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 43वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करके राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया।

जयपुर में खेले गए इस मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाए. जवाब में दिल्ली ने 19.1 ओवर में ही तीन विकेट खोकर 2026 रन बनाकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

दिल्ली की तरफ से केएल राहुल, पथुम निसांका और नीतीश राणा ने शानदार बल्लेबाजी की. राहुल ने 40 गेंद में 5 छक्के और 6 चौके की मदद से 70 रन बनाए, जबकि उनके दूसरे ओपनर साथी निसांका 33 गेंद में 62 रनों का पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 3 छक्के शामिल है। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी करके दिल्ली की जीत की नींव रखी. इसके बाद राणा जी ने 17 गेंद में 3 चौका और 2 छक्के की मदद से 33 रन बनाए. आखिर में ट्रिस्टन स्टब्स 18 और आशुतोष शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रहे।

वहीं गेंदबाजी में इस सीजन अपना पहला मैच खेल रहे मिचेल स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलावा जैमेसन, अक्षर और नटराजन को एक-एक विकेट मिला.

इससे पहले, राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग के 50 गेंदों में शानदार 90 रन और आखिर में डोनोवन फरेरा के 14 गेंदों में 47 रनों की तेज पारी की बदौलत 6 विकेट पर 225 रन के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही।

## आईपीएल 2026: केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जड़ा 8वां अर्धशतक, बने प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 43वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (75) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 43वां और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 27 गेंदों पर पूरा किया। उनकी पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स को मजबूत शुरुआत मिली और वह लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।राहुल और पथुम निसांका (62) की सलामी जोड़ी ने दिल्ली कैपिटल्स को 226 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में 70 रन जोड़े और पहले विकेट के लिए 57 गेंदों में 110 रन की साझेदारी निभाई। राहुल ने नितीश राणा (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अहम साझेदारी निभाई। राहुल अपनी पारी में 40 गेंदों में 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुए।आईपीएल 2026 में राहुल का अब तक प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। वह 9 मैच में 54.13 की औसत और 185.83 की स्ट्राइक रेट के साथ 433 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक के अलावा एक शतक भी जड़ा है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नाबाद 152 रन का रहा है। इस पारी के साथ उन्होंने अब ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया है।

## 15 साल के बच्चे से भिड़ना इस विदेशी दिग्गज को पड़ा भारी, चौका खाने के बाद निकाला था गुस्सा; अब IPL ने सिखाया सबक



नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल 2026 के 43वें मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से रौंद दिया। इस मैच में हार-जीत से ज्यादा न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन की एक हरकत ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। जैमीसन ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जिस तरह से अपना गुस्सा निकाला और उन्हें सेंड ऑफ दिया, वह अब उनके लिए गले की फांस बन गया है। सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस से जमकर खरी-खोटी सुनने के बाद अब आईपीएल मैनेजमेंट ने भी इस कीवी गेंदबाज को कड़ी फटकार लगाते हुए सजा सुनाई है। हली गेंद पर चौका खाने के बाद बौखला गए थे जैमीसन यह पूरा विवाद पारी के दूसरे ओवर में देखने को मिला।

15 साल की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने दिग्गज इंटरनेशनल गेंदबाज काइल जैमीसन का निडर होकर सामना किया और उनकी पहली ही गेंद पर शानदार चौका जड़ दिया। एक युवा बल्लेबाज से बाउंड्री खाने के बाद न्यूजीलैंड के यह पेसर बौखला गए। अगली ही गेंद पर जैमीसन ने वापसी करते हुए वैभव को क्लीन बोल्ड कर दिया। विकेट लेने के बाद जैमीसन ने खेल भावना को दरकिनार करते हुए इस 15 वर्षीय खिलाड़ी को चिढ़ाया और बेहद अजीब तरह से सेंड ऑफ दिया। इस अभद्र व्यवहार के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स जैमीसन पर बुरी तरह भड़क उठे और उनकी जमकर आलोचना की।

IPL मैनेजमेंट ने चंद घंटों में ही लिया कड़ा एक्शन मैच के दौरान की गई इस हरकत पर आईपीएल मैनेजमेंट ने बिना कोई देरी किए कड़ा एक्शन लिया। आईपीएल द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, काइल जैमीसन को युवा बल्लेबाज वैभव को आउट करके चिढ़ाने के लिए आचार संहिता के लेवल 1 का दोषी माना गया है। उन्हें आईपीएल के आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का आरोपी पाया गया। इस नियम के तहत किसी भी खिलाड़ी द्वारा मैदान पर ऐसे शब्द बोलना या ऐसा एक्शन करना जिससे सामने वाला खिलाड़ी भड़क सकता है, सख्त वर्जित है। इसी नियम के आधार पर जैमीसन पर आरोप सिद्ध हुए हैं।

## हैदराबाद पहुंची फाइनल में, आखिरी 6 गेंदों में 6 रन नहीं बना सका इस्लामाबाद यूनाइटेड

नईदिल्ली, (ए.)। पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के एलिमिनेटर 2 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद किंग्समैन ने इस्लामाबाद यूनाइटेड को 2 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली. जहां उनका मुकाबला रविवार को पेशावर जाल्मी से होगा. बता दें कि ये हैदराबाद किंग्समैन का पहला सीजन है और वो शुरुआत के लगातार 4 मैच हारकर यहां तक पहुंचने में सफल रहे हैं।

एलिमिनेटर 2 मैच के आखिरी ओवर में जब इस्लामाबाद को जीत के लिए सिर्फ 6 रनों की जरूरत थी. तब हुनैन शाह ने कमाल की गेंदबाजी की और एक हारे हुए मैच में केवल 3 रन देकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचा दिया. उससे पहले 19वें ओवर में इस्लामाबाद ने 22 रन बटोरकर मचै को अपनी तरफ खींच लिया था, लेकिन जीत का स्वाद हैदराबाद ने चखा।

हैदराबाद किंग्समैन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हुनैन शाह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया. उन्होंने 4 ओवरों में 37 रन देकर 2 विकेट लिए. जिसमें उनका आखिरी ओवर सबसे शानदार रहा. नीचे आखिरी ओवर का वीडियो देख सकते हैं।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हैदराबाद किंग्समैन के खिलाफ टॉस जीतकर इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए, हैदराबाद किंग्समैन ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए।

# 15 मिनट की आंधी और 30 मिनट की बारिश ने संभाग मुख्यालय की व्यवस्था को कर दिया तहस-नहस

## सैकड़ो पेड हुए धराशाई, बिजली सप्लाई हो गई ठप खरीदी केन्द्रों पर गेहूं चना हुआ गीला







नर्मदापुरम(निप्र)। शनिवार को अचानक मौसम में आए बदलाव से संभाग मुख्यालय पर 15 मिनट की आंधी और 30 मिनट की बारिश ने व्यवस्थाओं को तहस-नहस कर दिया। संभाग व जिला मुख्यालय पर कई घंटे तक जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मुख्यालय के कई मार्गों पर जाम लग गया। बिजली के खंभों पर और केवल लाइनो पर पेड़ व डालियों के गिरने से बिजली सप्लाई ठप हो गई ।ज्येष्ठ और मई का माह लगते ही मौसम में तेजी से बदलाव नजर आया । सुबह से लेकर दोपहर तक मौसम साफ था। अचानक 4 बजे के लगभग मौसम ने अंगड़ाई ली पहले करीब 15 मिनट तक तेज आंधी चली जिससे सैकड़ो की संख्या में पेड़ गिर गए।

आंधी के दौरान धूल के बवंडर से यातायात प्रभावित हुआ ।कुछ भी देर बाद तेज गर्जना के साथ 30 मिनट तक बारिश होने लगी। बैशाख और अप्रैल का माह समाप्त होते ही मौसम में ऐसा बदलाव आएगा ऐसा किसी को अनुमान नहीं था। पिछले सप्ताह से तेज गर्मी और तेज तपन के कारण लोग हाल बे हाल थे। अचानक हुई बारिश ने फिलहाल मौसम में ठंडक तो घोल दी है। लेकिन मौसम इस बदलाव ने लोगों को बेहद परेशान कर दिया। अधिकारी कर्मचारी शनिवार अवकाश पर होने से व्यवस्था में सुधार होने में देर लगी। नगर पालिका और बिजली कंपनी के कर्मचारी आधे घंटे बाद सक्रिय हो गए। कर्मचारियों की संख्या कम होने से व्यवस्था में सुधार होने में देर लगी।

### गेहूं और चना हो गया गीला

मुख्यालय के कृषि उपज मंडी कार्यालय में बने चना एवं गेहूं के खरीदी केन्द्रों पर बारिश से चना एवं गेहूं गीला हो गया। गेहूं तो एक बार सुख भी जाना लेकिन चना गीला होने पर उसमें काला कलर आ जाएगा।बारिश होने के बाद जो उमस और गर्मी का माहौल होगा उससे मौसमी बीमारियां बढ़ने की संभावना बढ़ गई है।

### परिवहन में देरी से हो रहा नुकसान

एक दिन पूर्व ही सांसद ने चेताया था एक दिन पूर्व ही सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मंडी के खरीदी केंद्र पर औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि मौसम गड़बड़ हो रहा है। किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## जल गंगा अभियान के तहत भिलाडिया घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

### श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने के लिए की गई अपील



नर्मदापुरम(निप्र)। जल गंगा अभियान के अंतर्गत शिवपुर सेक्टर क्रमांक 02 में नवांकुर संस्था दिशा जन कल्याण सेवा समिति, कोलगांव द्वारा ग्राम पंचायत भिलाडिया घाट पर प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ मिलकर माँ नर्मदा के घाट की साफ-सफाई की गई। इस दौरान घाट परिसर में फैली गंदगी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। संस्था अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत ने सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि माँ नर्मदा के घाटों पर गंदगी न करें और उन्हें स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा को सदानीरा बनाए रखने के लिए नर्मदा जल में पूजा सामग्री विसर्जित नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर परामर्शदाता सुश्री नेहा यादव सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य—सबर सिंह, रामशंकर, सियाराम, सुरेश कुशवाह एवं कान्हा कुशवाह उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया और जनसामान्य को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

## अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

### 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 2 मोटर बोट जप्त

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग के समन्वित प्रयासों से जिले में अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के लिए सतत जांच एवं धर-पकड़ की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं दो मोटर बोट जप्त की गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कजलास, तहसील डोलरिया से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा ग्राम ग्वाडी, तहसील सिवनी मालवा से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। दोनों वाहनों को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम पथाड़ा, तहसील सिवनी मालवा में नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए दो मोटर बोट जप्त की गईं, जिन्हें पुलिस थाना शिवपुर में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# जिला सीईओ हिमांशु जैन ने किया उपार्जन केन्द्रों का सघन निरीक्षण

## खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में गेहूँ उपार्जन कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए छाया, शीतल पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। साथ ही उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समितियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन ने उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक म.प्र. वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन एवं जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नीलम वेयरहाउस सनखेड़ा, ज्योति वेयरहाउस घाटली, रघुवीर वेयरहाउस, नारी शक्ति स्व-सहायता समूह मेहरागांव एवं सेमरीखुर्द केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्य को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए। केन्द्रों पर हम्मालों की संख्या बढ़ाने के लिए खरीदी प्रभारियों को निर्देशित किया गया, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही शासन के निर्देशानुसार मानक गुणवत्ता का गेहूँ उपार्जन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।नारी शक्ति स्व-सहायता समूह में पदस्थ सर्वेयर द्वारा अमानक गुणवत्ता का गेहूँ खरीदे जाने पर संबंधित सर्वेयर को हटाने के निर्देश दिए गए। वहीं, भारतीय खाद्य निगम के इटारसी स्थित डिपो में गेहूँ अनलोडिंग के दौरान ट्रकों में अमानक गेहूँ (अधिक मिट्टी की मात्रा) पाए जाने पर सेमरीखुर्द समिति स्तर के प्रभारी एवं सरस्वती स्व-सहायता समूह, शिवांश वेयरहाउस माखननगर के खरीदी प्रभारी के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन के तहत 2 मई को नेहरू पार्क में हुआ विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन

### 130 से अधिक लोगों को कराया गया योगाभ्यास



नर्मदापुरम (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार 02 मई 2026 को नर्मदापुरम में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. करोंजिया के निर्देशानुसार, नोडल अधिकारी डॉ. नीरज यादव एवं डॉ.अशोक पुष्कर, डॉ.अक्षय जैन, डॉ. सविता पुष्कर डॉ. संदीप रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रात: 6:30 बजे से 8:00 बजे तक नेहरू पार्क, नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। जिसमें Common Yoga Protocol के अनुसार 130 से अधिक लोगों को योगाभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक कमलेश गौर, संतोष सैनी, प्राची यादव एवं अन्य योग सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

## 'एक सकोरा पानी' से मिल रहा जीवन, पक्षियों के लिए संचालित नीर पखेरू अभियान बना जनआंदोलन

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में नर्मदापुरम जिले में संचालित 'नीर पखेरू अभियान' अब जन-जन का आंदोलन बनता जा रहा है। पक्षियों के संरक्षण एवं उनके लिए भोजन और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान को जिले के विभिन्न कार्यालयों के साथ-साथ आम नागरिकों का व्यापक सहयोग मिल रहा है, जिससे यह घर-घर तक पहुंच रहा है। अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पक्षियों के लिए जल एवं भोजन की व्यवस्था करते हुए सकोरे स्थापित किए गए हैं।

# इटारसी में धूमधाम से मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026 का आयोजन इटारसी परियोजना अंतर्गत सेक्टर, वार्ड एवं आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर उत्साहपूर्वक किया गया। प्रत्येक स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा किया गया, जिससे बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। इटारसी परियोजना अंतर्गत सेक्टर 2 के वार्ड 9 (केंद्र क्रमांक 19) में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद रफत जहां सिद्धकी, स्व-सहायता समूह अध्यक्ष अमीना बी एवं लाड़ली क्लब बालिकाओं द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती रेखा चौरे द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2.0 की जानकारी दी गई तथा पार्षद द्वारा बालिकाओं के



उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वर्ष 2025 में पंजीकृत बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। सेक्टर 3 के केंद्र क्रमांक 32 में आयोजित कार्यक्रम में अटल बाल पालक श्रीमती सरला लोट, एल्डरमैन आशीष कुमार मालवीय की उपस्थिति में कन्या पूजन एवं सरस्वती पूजन किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती मीना गाठले द्वारा उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं—अवनी पटेल (94 प्रतिशत), प्रार्थना पाराशर (91 प्रतिशत), बबिता राजपूत (90 प्रतिशत) एवं डोली यशवंत (89 प्रतिशत)—को सम्मानित किया गया। वार्ड पार्षद राहुल प्रधान द्वारा बालिकाओं को उपहार स्वरूप पानी की बोतल भेंट की गई एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक महेश कुमार रायकवार द्वारा ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए गए। वर्ष 2025 में पंजीकृत बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## मां नर्मदा में प्रदूषण रोकने हेतु नर्मदा घाटों पर निषेधाज्ञा लागू

### साबुन,प्लास्टिक, केमिकल युक्त वस्तुओं जैसी अन्य सामग्रियां रहेंगी प्रतिबंधित

नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदा नदी की स्वच्छता, धार्मिक महत्व एवं जन आस्था को ध्यान में रखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट नगर नर्मदापुरम देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश नर्मदा नदी के तट पर स्थित सेठानी घाट, कोरी घाट एवं पर्यटन घाट पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार इन घाटों पर पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली प्लास्टिक से निर्मित पूजन सामग्री, प्लास्टिक थैले, दीपक, कपड़े, पानी/तेल की बोतल एवं अन्य सामग्री को नर्मदा नदी में प्रवाहित करना पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

## जिला पंचायत सभागृह में धूमधाम से मनाया गया 'लाडली लक्ष्मी उत्सव', हितग्राही बालिकाओं को किया गया सम्मानित

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत सभागृह, नर्मदापुरम में 'लाडली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीतू यादव, अध्यक्ष नगरपालिका नर्मदापुरम एवं श्रीमती सीमा तिवारी, विधायक प्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास उपस्थित रहीं। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, सहायक संचालक संजय कुमार जैन, परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर, पर्यवेक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं लाडली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित 'लाडली लक्ष्मी वाटिका' में एक पेड़ लाडली के नाम अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही नीर पखेरू अभियान के तहत पक्षियों के लिए पेयजल हेतु सकोरे लगाए गए। इस अवसर पर बालिकाओं एवं अभिभावकों ने अपने-अपने घरों में भी सकोरे रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया।जिला पंचायत सभागृह में आयोजित कार्यक्रम का संचालन लाडली बालिकाओं कु. मुसहिरा खान एवं कु. समीक्षा मालवीय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू यादव द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बालिका भाग्यश्री ने गीत प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक रंग भर दिया कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं—कु. मुस्कान विश्वकर्मा, कु. दिव्या कहार, कु. मुसहिरा खान, कु. समीक्षा मालवीय, कु. आरूषि शर्मा, कु. राखी कटारे सहित अन्य बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए।

## जनगणना 2026-27: जिले में मकान सूचीकरण कार्य हुआ प्रारंभ, प्रगणक हुए फील्ड में सक्रिय

नर्मदापुरम(निप्र)। जनगणना 2026-27 के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत हो गई है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रथम चरण के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर मकान सूचीकरण ब्लॉक एवं पर्यवेक्षी सर्किल की पहचान कर रहे हैं। साथ ही ले-आउट मैप तैयार करने, मोबाइल ऐप डाउनलोड करने एवं मकानों की नंबरिंग का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।प्रगणकों के कार्य को सुगम बनाने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से उन्हें निरंतर दूरभाष एवं फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सभी हल्का पटवारी एवं ग्राम सचिवों को भी प्रगणकों के सहयोग हेतु निर्देशित किया गया है। तहसीलदार पिपरिया एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा लगातार फील्ड में पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके। साथ ही ग्राम पंचायतों एवं अन्य माध्यमों से जनगणना के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।



# भैरुंदा एसडीएम सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों ने किया जिले के अनेक नाव घाटों का निरीक्षण

## नाव संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश



सीहोर( निप्र) गत दिवस जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर हुए क्रूज़ हादसे को दृष्टिगत रखते हुए भैरूंदा एसडीएम श्री सुधीर कुशवाह ने भैरूंदा के नर्मदा सीलकंठ नाव घाट का निरीक्षण किया। इसी प्रकार राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों ने कोलार डैम, आंवली घाट सहित अनेक ऐसे घाटों का निरीक्षण किया जहां नाव का संचालन होता है। अधिकारियों ने शाहगंज के बांद्राभान घाट नाविक को लाइफ जैकेट पहनाया और नाव में लाइफ जैकेट उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। आंवलीघाट पर नाविकों को नाव संचालन बंद रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नर्मदा नदी में नाव संचालन के संबंध में ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नाव संचालन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नाव में निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों का न बैठाया जाए तथा सभी यात्रियों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नाव संचालन से पहले नाव की तकनीकी जांच नियमित रूप से की जाए तथा अनुभवी नाविकों द्वारा ही नाव चलाई जाए। घाटों पर चेतावनी संकेतक, सुरक्षा बैरिकेडिंग एवं आवश्यक सूचना पट्ट लगाए जाए, ताकि यात्रियों को संभावित जोखिमों के प्रति जागरूक किया जा सके।

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com